


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 142 | ग्वालियर, 1 फरवरी गुरुवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## जैसे को तैसा नीति के साथ जवाब दे रही सेना, संसद में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।**मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट सत्र



आज (बुधवार) से शुरू हो गया. कल यानी एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी. क्योंकि अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं. ऐसे में सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी. सत्र की शुरूआत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया. इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी सरकार के पिछले दस साल में किए गए विकास कार्यों का वर्णन किया. राष्ट्रपति मुर्मू ने इस दौरान कोरोना काल से से लेकर रूस यूक्रेन युद्द के बावजूद देश में किए गए विकास कार्यों का जिक्र किया. इसरो हो या भारतीय सेना, राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में हर किसी का जिक्र किया.

**चंद्रयान-3 की सफलता और आदित्य एल-1 का भी जिक्र-** बजट सत्र की शुरुआत के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने हुए चंद्रयान-3 और आदित्य एन-1 का भी जिक्र किया. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुप पर झंडा फहराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया. उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत ने सफलता के साथ आदित्य मिशन लॉन्च किया और धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर अपना सैटेलाइट पहुंचाया.

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत ने ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को मजबूत किया. इसके साथ ही राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने पहली बार एशियाई खेलों में 100 से अधिक मेडल जीते. इसके साथ ही भारत ने पैरा एशियाई खेलों में भी पहली बार 100 से ज्यादा मेडल जीते. राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि भारत ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है जिसका सपना हर कोई देखता है.

**राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित**-स्द्धह्य-ह्यद्बश्ठ्ठ 2024 स्द्ब1द्ध- बजट सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही को कल यानी गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया.

**स्वाती मालीवाल ने ली राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ**-संसद के बजट सत्र के पहले दिन पूर्व डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली. उन्हें राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शपथ दिलाई.

**सीमा पर बनाया जा रहा मॉर्डन इंफ्रास्ट्रक्चर-** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सेना पूरी सीमा पर आज मॉर्डन इंफ्रास्ट्रक्चर बना रही है. ये काम पहले ही प्राथमिकता के आधार पर हो जाना चाहिए था, आतंकवाद हो या विस्तारवाद, हमारी सेनाएं आज जैसे को तैसा की नीति के साथ जवाब दे रही है. आंतरिक शांति के लिए सरकार के सार्थिक परिणाम हमारे सामने हैं. जम्मू-कश्मीर में आज सुरक्षा का वातावरण है.

## भारत सबसे तेजी से विकसित होती अर्थ व्यवस्था बना, संसद में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।**संसद के बजट सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने भारत की उपलब्धियों का जिक्र किया. अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपबल्धियों से भरा रहा है. इस दौरान देशवासियों का गौरव बढ़ाने वाले अनेक पल आए, दुनिया में गंभीर संकटों के बीच भारत सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था बना, लगातार दो क्वार्टर से भारत की विकास दर 7.5 प्रतिशत से ऊपर रही है. भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुप पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना.भारत ने सफलता के साथ आदित्य मिशन लॉन्च किया, धरती से 15 लाख किमी दूर अपनी सैटेलाइट पहुंचाई. ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया. भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते और पैरा एशियाई खेलों में भी सौ से अधिक मेडल जीते. भारत को अपना सबसे बड़ा समुद्री पुल अटल सेतु मिला. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद में अपने संबोधन में कहा कि भारत को अपनी पहली नमो भारत ट्रेन तथा पहली अमृत भारत ट्रेन मिली. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन के दौरान कोरोना महामारी और युद्ध का भी जिक्र किया. राष्ट्रपति ने कहा कि बीते



वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया. ऐसे वैश्विक संकट के बावजूद मेरी सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा और सामान्य भारतीयों का बोझ नहीं बढ़ने दिया. 2014 से पहले के दस वर्षों में औसत महंगाई दर 8 प्रतिशत से अधिक थी. पिछले दशक में औसत महंगाई दर 5-10 प्रतिशत रही. मेरी सरकार का प्रयास रहा है कि सामान्य देशवासी की जेब में अधिक से अधिक बचत कैसे हो. पहले भारत में 2 लाख रुपये की आय पर टैक्स लग जाता था आज भारत में सात लाख तक की इनकम पर टैक्स नहीं लगता.

**चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी है विकसित भारत की भव्य इमारत- राष्ट्रपति मुर्मू**-मेरी सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी. ये स्तंभ हैं युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब. देश के हर हिस्से और हर समाज में इन सभी की स्थिति और सपने एक जैसे ही है. इसीलिए इन चार स्तंभों को सशक्त करने के लिए मेरी सरकार निरंतर काम कर रही है. मेरी सरकार ने टैक्स का एक बहुत बड़ा हिस्सा इन स्तंभों को मजबूत बनाने पर खर्च किया है. चार करोड़ दस लाख गरीब परिवारों को अपना पक्का घर मिला है. इस पर लगभग 6 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं.

## सर्दी के बीच बारिश ने दी दस्तक, दिल्ली-एनसीआर में गिरा तापमान, कैसा रहेगा आज का दिन

**नई दिल्ली।**दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में मौसम ने करवट ले ली है. दिल्ली-एनसीआर में बुधवार से ही हल्की बारिश हो रही है. बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है. साथ ही सबसे बड़ी राहत यह है कि लोगों को घने कोहरे से राहत मिल गई है. गुरुवार को सुबह से ही मौसम पूरी तरह साफ देखने को मिल रहा है लेकिन आज भी बारिश जा रहेगी. मौसम विभाग के मुताबिक आज पूरे दिन बारिश की हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है.

**अगले कुछ दिन कैसा रहेगा मौसम**-मौसम विभाग का कहना है कि 6 फरवरी तक दिल्ली में सुबह के समय कोहरे का आतंक देखने को मिल सकता है. आपको बता दें कि मौसम में तेजी से बदलाव के कारण तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है. वहीं, मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि दिन के समय तेज और ठंडी हवाएं भी चल सकती हैं. यह भी जानकारी दी गई है कि अगले दो-तीन दिनों में हल्की बारिश की भी उम्मीद रहेगी. मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में एक-दो पश्चिमी विक्षोभ भी आएंगे. दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 3 फरवरी को देखने को मिल सकता है.



## गोवा के मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की 6 फरवरी के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की

**पणजी।**गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि 6 फरवरी को राज्य में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे।उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री



के सामने पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों की सूची पेश करेंगे। जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे।÷सावंत ने कहा, ÷प्रधानमंत्री कुनकोलिम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के नए परिसर, डोनापुला में भारतीय जलक्रीड़ा संस्थान, बेटिम में नेवी कॉलेज और कर्चोरेम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, रीस मैगोस किले में रोपवे और 100 एमएलडी संयंत्र की नींव रखेंगे। सलाउलिम बांध और पणजी के पैटो प्लाजा में 3डी बिल्डिंग का शिलान्यास भी करेंगे।÷सावंत ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान पीएम लाभार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन वर्चुअल तरीके से किया जाएगा।

## हंगामा करने वाले आत्मचिंतन करें, बजट से पहले पीएम मोदी की आदतन हुड़दंगी सांसदों को नसीहत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के पहले विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला. पीएम मोदी ने बुधवार सुबह बिना किसी का नाम लिए कहा- कुछ लोग आदतन हुड़दंग करते हैं. ऐसे हंगामा करने वाले लोगों को आत्मचिंतन करना चाहिए. पीएम मोदी ने अपने संबोधन को शुरू करते हुए कहा, आप सभी को 2024 के वर्ष का राम-राम. नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में इस संसद में एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था और वह फैसला था नारी शक्ति बंधन अधिनियम

पीएम मोदी ने कहा कि उसके बाद 26 जनवरी को भी हमने देखा कि किस प्रकार से देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य को, नारी शक्ति के शौर्य को, नारी शक्ति के संकल्प की शक्ति को अनुभव किया और आज बजट सत्र का आरंभ हो रहा है तब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी का मार्गदर्शन और कल निर्मला सीतारमणजी के द्वारा अंतरिम बजट, एक प्रकार से ये नारी शक्ति



के साक्षात्कार का पर्व है.

**आत्मनिरीक्षण करें आदतन हुड़दंग करने वाले-** पीएम मोदी ने आगे कहा कि, मैं आशा करता हूं कि गत दस वर्ष में जिसको जो रास्ता सूझा, उस प्रकार के संसद में सबने अपना-अपना कार्य किया. पीएम मोदी ने कहा कि जिनको आदतन हुड़दंग करने का स्वभाव बन गया है जो आदतन लोकतांत्रिक मूल्यों का चीर हरण करते हैं ऐसे सभी माननीय सांसद, आज जब आखिरी सत्र में मिल रहे हैं तब जरूर आत्मनिरीक्षण करेंगे कि दस साल में उन्होंने जो किया वह अपने संसदीय क्षेत्रों में भी सौ लोगों को पूछ लें जिन्होंने इतना हो हंगा हुड़दंग किया होगा.पीएम मोदी ने कहा कि जिसने सदन में उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होगा. उनको बहुत बड़ा वर्ग याद करता होगा. आने वाले दिनों में भी जब सदन की चर्चाएं जो देखेगा तो उनका एक-एक शब्द इतिहास की तवारीख बनकर के उजागर होगा. इसलिए जिन्होंने भले विरोध न किया होगा, लेकिन बुद्ध प्रतिभा का दर्शन कराया होगा. देश के सामान्य मानवों के प्रति कंसर्न दिखाया होगा. हमारे खिलाफ तीखी से तीखी प्रतिक्रिया की होगी. उनके इस व्यवहार की सराहना होगी.

## आज ईडी की हिरासत में कटेगी हेमंत की रात, गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई

**रांची।**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आज की रात रांची स्थित ईडी के दफ्तर में गुजरेगी। गिरफ्तारी के बाद उन्हें ईडी की टीम हिरासत में लेकर रात करीब दस बजे एयरपोर्ट रोड स्थित दफ्तर पहुंची। उन्हें गुरुवार को मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा, उसके बाद जेल भेजा जाएगा।



इस बीच सोरेन की ओर से बुधवार को ही झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटिशन दायर कर ईडी की पूरी कार्रवाई को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए गुरुवार दिन साढ़े दस बजे का समय निर्धारित किया है।हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा शंकर की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। ईडी ने हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद शाम करीब पांच बजे ही सूचित कर दिया था कि वह उन्हें गिरफ्तार करने जा रही है। सोरेन के जवाब से संतुष्ट नहीं होने के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार करने का फैसला किया। इसके बाद सोरेन ने सीएम पद के इस्तीफा देने का निर्णय लिया। उन्होंने ईडी की कस्टडी में ही राजभवन जाकर इस्तीफा सौंपा।इसी के साथ झामुमो-कांग्रेस-राजद के सत्तारूढ़ गठबंधन ने चंपई सोरेन को अपना नया नेता चुनते हुए सरकार बनाने का दावा राज्यपाल के समक्ष पेश किया। राज्यपाल ने फिलहाल इस दावे पर कोई निर्णय नहीं लिया है। बता दें कि रांची के जमीन घोटाले में ईडी ने सोरेन से आज दिन डेढ़ बजे उनके आवास पर पूछताछ शुरू की थी। ईडी ने उनसे नई दिल्ली में शांति निकेतन स्थित उनके आवास से बीते सोमवार को 36 लाख रुपये कैश, एक बीएमडब्ल्यू कार और दस्तावेजों के बारे में कई सवाल पूछे। सोरेन ने इस बात से इनकार किया कि कैश और कार उनकी है। इसके अलावा रांची के बड़गाईं अंचल की करीब चार एकड़ जमीन के स्वामित्व को लेकर पूछे गए सवालों पर सोरेन के जवाब से ईडी के अफसर संतुष्ट नहीं हुए।

## हिंदू पक्ष को मिला ज्ञानवापी में नियमित पूजा का अधिकार, जिला अदालत ने दी इजाजत

**नई दिल्ली।**वाराणसी की ज्ञानवापी केस को लेकर हिंदू पक्ष की बड़ी जीत हुई है. दरअसल, वाराणसी की जिला अदालत ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी में नियमित पूजा का अधिकार दे दिया है. हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि व्यास जी के तहखाने में पूजापाठ की इजाजत मिल गई है. जिला अदालत के आदेश के बाद व्यास परिवार ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा पाठ कर सकेगा. बता दें कि हिंदू पक्ष ने ज्ञानवासी में व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ की इजाजत मांगी थी.

**1993 में बंद कर दी गई थी तहखाने में पूजा-** जहां सोमनाथ व्यास का परिवार 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ किया करता था. बता दें कि 1993 में तत्कालीन सरकार के आदेश के बाद तहखाने में पूजापाठ बंद कर दिया गया था. 17 जनवरी को व्यास जी के तहखाने को जिला प्रशासन ने कब्जे में लिया था. वहीं एएसआई सर्वे के दौरान ज्ञानवापी के तहखाने की साफ-सफाई की गई थी. अब काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अधीन तहखाने में पूजा की जाएगी.



# साहित्यकार रमेश गोहिया की प्रथम पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि एवं विचार काव्य गोष्ठी आज



सीहोर। जिले के वरिष्ठ साहित्यकार स्वर्गीय रमेश गोहिया की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर पटेल मार्केट स्थित रुकमणी गार्डन में पुष्पांजलि एवं विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सृजन साहित्य परिषद के बेनर तले दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। इसमें शहर के साहित्यकार, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक आमंत्रित हैं।

# डिप्टी कलेक्टर पूर्वा मंडलोई ने कार्यभार संभाला



खरगोन जिले से मुन्ना खान

ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित सुश्री पूर्वा मंडलोई की प्रथम पदस्थापना खरगोन जिले में की गई है। सुश्री मंडलोई ने कलेक्ट्रेट कार्यालय खरगोन में डिप्टी कलेक्टर का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# किसान द्वारा सुखाने के लिए खेत पर रखी मिर्ची को चोरी करने वाली गैंग के सदस्य खरगोन पुलिस की गिरफ्त मे

खरगोन जिले से मुन्ना खान

ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**रात के अंधेरे मे किसान के खेत से चुराई गई थी 10-12 क्विंटल मिर्च**

**चुराई गई मिर्ची को बेड़िया मिर्च मंडी मे बेचने की फिराक मे थे बदमाश**

**मिर्ची बेच पाते उससे पहले ही गैंग के तीन सदस्य पुलिस गिरफ्त मे**

**घटना मे प्रयुक्त पिकअप वाहन सहित चुराई गई मिर्च मे से 10 क्विंटल मिर्च पुलिस द्वारा जप्त**

**जप्त वाहन क्र स्क्व46त्न2241 सहित माल की कुल अनुमानित कीमत लगभग 600000/- रुपये**

**गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी**

अति. पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस महानिरीक्षक/उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी जी द्वारा जिला खरगोन में सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधो की घटनाओ की पतारसी एवं अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना मेनगांव द्वारा किसान की बड़ी मात्र मे मिर्च चुराने वाली गैंग के आरोपियों को पकड़ने मे पाई सफलता ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 24.01.24 को पीड़ित किसान द्वारा थाना मेनगांव पर रिपोर्ट लिखाई की मे ग्राम अघावन रहता हूँ, खेती का काम करता हूँ। मैनें टेमला रोड स्थित खेत मे लाल मिर्ची सुखाने के लिये रखी थी। दिनांक 23.01.2024 को रात कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे खेत मे डली करीबन 10 से 12 क्विंटल लाल मिर्ची किमती करीबन 1,50,000 रूपये की चोरी करके ले गया है। फरियादी किसान की रिपोर्ट पर से थाना मेनगांव पर अपराध क्रमांक 30/24 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

किसान की मेहनत से लगाई गई मिर्ची को चुराने संबंधी मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग खरगोन श्री रोहित लखारे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मेनगांव दिनेश सोलंकी एवं प्रभारी चौकी जैतापूर उपनिरीक्षक सुदर्शन कुमार के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल व आसपास लोगों से चर्चा कर संदिग्धों के संबंध मे जानकारी जुटाई एवं संभावित सभी सीसीटीव्ही फूटेजों को देखा गया। इसके अलावा टीम ने पुलिस का पुराना तरीका अपनाते हुए मुखबिरों को सक्रिय कर जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया।

जिसके परिणामस्वरूप विश्वसनीय मुखबिर ने बताया की किसान के यहा चोरी करने वाले मिर्च को बेड़िया मंडी मे बेचने के लिए जाएंगे। उक्त सूचना पर से थाना मेनगांव से एक आरक्षक को सादावर्दी मे बेड़िया मिर्च मंडी भेजा गया एवं जरिए मोबाईल चौकी अहिरखेड़ा प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र यादव को भी पता लगाने हेतु मिर्च मंडी भेजा गया। जहा मिर्च बेचने आए किसानों से बेचने के लिए लाई गई मिर्च व गाँव के संबंध पृथक-पृथक पुछा जा रहा था तो वही पास मे एक पिकअप मे मिर्च भरकर लाये तीन व्यक्ति पूछताछ मे हड़बड़ा कर भागने लगे जिन्हे चौकी अहिरखेड़ा फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा व पुलिस अभिरक्षा मे लेकर थाना मेनगांव आए। तीनों संदिग्धों से पृथक-पृथक मनोवैज्ञानिक तरीके से मिर्च व गाड़ी के संबंध मे पूछा गया तो सभी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कबुल किया की हम लोगों ने ही दिनांक 23-24 जनवरी की दरमियानी रात मे ग्राम अघावन से मिर्च चुराई थी। गैंग मे कुल 07 सदस्य है जिन्होंने आपस मे चुराई हुई मिर्च को बाँट लिया जिसमे से हम तीन लोग मिर्च को बेचने के लिए बेड़िया मिर्च मंडी मे आए थे।




**पुलिस कार्यवाही-** आरोपियों से किसान की चुराई हुई मिर्च मे से 10 क्विंटल मिर्च को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया व आरोपियों को पृथक से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड लिया जावेगा जिसमे आरोपियों से गैंग के अन्य सदस्य व जिले मे की गई अन्य घटनाओ की जानकारी एकत्रित की जावेगी तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व के आपराधिक रिकार्ड को भी संबंधित थानों से निकलवाया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपी

1.दिनेश पिता प्रेमसिंग निगवाले जाति बारेला उम्र 25 साल निवासी निगवाले फल्या आमझिरी थाना सेंधवा ग्रामीण जिला बडवानी,

2.रामदास पिता साईबा चौहान जाति भील उम्र 42 साल निवासी अम्बापुरा सांगवी थाना ऊन जिला खरगोन, 3.सुनिल पिता ध्यानसिंग वास्कले जाति भील उम्र 22 साल निवासी धावडी थाना सेंधवा ग्रामीण जिला बडवानी

फरार आरोपी

1.सुरेश पिता गोरेलाल वासकले नि ग्रा धावड़ी जिला बड़वानी

2.अमित नि ग्रा सिलोटिया थाना बरुड

3.भाईला नि ग्रा सिलोटिया थाना बरुड

4.अनिल नि ग्रा सिलोटिया थाना बरुड

**पुलिस टीम-** उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन श्री रोहित लखारे के नेतृत्व मे थाना प्रभारी मेनगांव निरीक्षक श्री दिनेश सोलंकी एवं चौकी जेतापूर प्रभारी श्री सुदर्शन कुमार, उनि एन एस मंडलोई, उनि रीना इक्का, उनि धर्मेन्द्र यादव (प्रभारी अहिरखेड़ा), सउनि अनिल तिवारी, प्रआर मुकेश पटेल, प्रआर किशोर पाटीदार, प्रआर पदम, प्रआर लोकेश वासकले, प्रआर मोहन मेडा, आर तँवर, आर मोतीलाल, आर प्रशांत एवं सायबर से प्रआर आशीष, आर अभिलाष, आर सचिन, आर मगन, आर विजेंदर, आर सोनू का विशेष योगदान रहा ।

# मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना अनाथ बच्चों के पालन-पोषण के लिए मिलेगी हर माह 04 हजार रुपये की सहायता

खरगोन जिले से मुन्ना खान

ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों के पालन-पोषण की व्यवस्था की गई है। इस योजना में 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चें जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु हो गई है और जो अपने संबंधियों या संरक्षकों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं, उन्हें प्रतिमाह 04 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसे संदेश प्रसारित हो रहा है कि मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत अनाथ अथवा ऐसे बच्चें जिन्होंने माता या पिता को खो दिया है उन्हें प्रतिमाह 2500 (दो हजार पांच सौ) की आर्थिक सहायता राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है जो कि निराधार है। इस योजना में पात्र अनाथ बच्चों को प्रतिमाह 04 हजार रुपये की सहायता राशि दिए जाने का

# आचार्य श्री धनराज भाई ठक्कर के जन्मदिन के अवसर पर शेठ एम.एन हाईस्कूल में रक्तदान शिबिर एवं वृक्षारोपण कायर्क्रम आयोजित किया गया

**कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार विजेता प्राचार्य श्री धनराजभाई ठक्कर ने अपने जन्मदिन पर 42वीं बार रक्तदान किया**

**आचार्य श्री धनराज भाई के जन्मदिन पर शुभेच्छको द्वारा 31 बोटल ब्लड एकत्र हुई**

नील कुमार ब्यूरो चीफ

दैनिक पुष्पांजली टुडे

पाटन/गुजरात। उत्तर गुजरात युवक मंडल द्वारा संचालित शेठ एम.एन हाईस्कूल के कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार विजेता प्रिंसिपल श्री धनराजभाई ठक्कर के जन्मदिन के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पाटन और एम.एन हाईस्कूल परिवार ने रक्तदान शिबिर और वृक्षारोपण का आयोजन किया। आज रोटरी क्लब पाटन एवं शेठ एम.एन. हाईस्कूल द्वारा अपने कर्मों से खुशबू फैलाने वाले धनराज भाई का 52वाँ जन्मदिन मनाया गया। एम.एन विद्यालय पाटन के संयुक्त उपक्रम से रक्तदान शिबिर का आयोजन किया गया। हमारे देश में अब पश्चिमी संस्कृति का भूत जाग रहा है....ज्यादातर युवा अपना जन्मदिन केक काटकर या किसी होटल में जाकर खाना खाकर या फिर मोमबत्ती बुझाकर मनाते हैं.... यह एक सराहनीय कार्य है कि धनराजभाईने अपने जन्मदिन पर व्यापक वृक्षारोपण कार्य करके अपना जन्मदिन मनाया है। इस जन्मदिन पर उन्होंने हर जन्मदिन की तरह 42वीं बार रक्तदान कर अपना जन्मदिन मनाया. धनराजभाई जरूरतमंदों के काम आने की तकनीक के साथ खुद को समाज सेवा में समर्पित करके





वर्षों से अपना जन्मदिन मना रहे हैं। एम . एन हाईस्कूल के प्रिंसिपल ने 42 से अधिक बार रक्तदान कर चुके धनराज भाई का जन्मदिन अविस्मरणीय और यादगार रहा।बुधवार 31 जनवरी को अपने 51वें वर्ष पूरे कर मंगल ग्रह में प्रवेश करने वाले धनराजभाई ठक्कर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय में रक्तदान शिबीर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला शिक्षण अधिकारी श्री अशोकभाई चौधरी एवं मंडल की टीम शामिल हुई। डीईओ कार्यालय, पर्यावरणविद् नीलेशभाई राजगोर, मनोजभाई पटेल और भरतभाई पटेल, जो क्षेत्र के सक्रिय नागरिक हैं।, वहीवटी अधिकारी दिनेश भाई पटेल, दूधसागर डेयरी के निदेशक भाई श्री शंकरभाई चौधरी, हमारी सहयोगी संस्थाओं के प्राचार्य श्री अशोकभाई पटेल और वसंतभाई पटेल,रोटरी क्लब ऑफ पाटन के उत्साही एवं युवा अध्यक्ष जेड. एन। सोढ़ा, मंत्री श्री विनोदभाई सुथार, कोषाध्यक्ष डॉ। बाबूभाई प्रजापति, ब्लड बैंक के अध्यक्ष रणछोड़भाई पटेल, सह-अध्यक्ष राजूभाई मोदी, पाटन के विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल और स्टाफ मित्र, पीपीजी एक्सपेरिमेंटल हाईस्कूल परिवार, पूर्व छात्र, शेठ एम.एन हाईस्कूल परिवार, रोटेरियन मित्र, रिश्तेदार आदि उपस्थित थे। बड़ी संख्या में। उन्होंने इस रक्ततुला में रक्तदान करके अपना निस्वार्थ योगदान दिया।पाटन जिले के गौरव एवं पर्यावरण प्रेमी भाई श्री नीलेशभाई राजगोरे द्वारा लाये गये पारिजात सहित पांच पवित्र पौधों को सभी अतिथियों की उपस्थिति में स्कूल पटांगण में रोपित किया गया.. फिर अपने 52वें जन्मदिन पर धनराजभाई, जो एक पर्यावरणविद् हैं, ने रक्तदाताओं और शुभचिंतकों को 52 तुलसी के पौधे वितरित किए... रक्तदान, वृक्षारोपण के बाद, स्कूल के स्टाफ मित्रों ने शानदार भोजन का आनंद लिया।कार्यक्रम के परियोजना अध्यक्ष, मुकेशभाई असारी और अर्जुनसिंह वाघेला, दोनों विभाग के सुपर वाइजर कपूरजी ठाकोर और वर्षाबेन पटेल और स्कूल के सभी कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। धनराज भाई ने अपने विद्यालय के दोनों सुपर वाइजरमित्रों, दोनों प्रोजेक्ट चेयरमैनों तथा स्वयंसेवकों की भूमिका निभाने वाले स्टाफ एवं स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया...

# नालासोपारा टीम बनी चैम्पियन

दैनिक पुष्पाजंली टुडे




**मुम्बई** ।सीरवी वेस्टर्न क्रिकेट लीग 2024 सीजन 1 प्रतियोगिता का आयोजन मलाड के मैदान में सपन्न हुआ। इसका शुभारंभ सुबह 8 बजे आईमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व आरती के बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल सीरवी वेस्टर्न रेल्वे मुम्बई की 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें नालासोपारा टीम विजेता रही। वही मलाड टीम उप विजेता रही। बेस्ट बॉलर दिनेश नालासोपारा टीम के रहे। बेस्ट मैन ऑफ दा सीरीज़ सुरेश मलाड रहे। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में पहले 2 गुरूप बने जिसमें लीग मैच खेला गया। उसके बाद सेमिफाइनल व मेगा फाइनल खेला गया। शानदार आयोजन के लिए समाज के गणमान्य लोगों ने क्रिकेट के साथियों को बधाई दी। समाज की ओर से विजेता टीमों को कप व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट कोमैंनटेटर मोहन भाई झाला ने दो दिनों तक अपनी वाणी से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में कानाराम, रमेश, भीमाराम, नरेश, तुलसाराम, कन्हैयालाल एवं नालासोपारा वडेर के अध्यक्ष सोहनलाल वरपा, खेल मंत्री सोहन सैणचा, विरार वडेर के अध्यक्ष विजय सोलंकी, जयेश भायल ने फाइनल मुकाबलों में उपस्थित होकर खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में वेस्टर्न प्रीमियर लीग के कमेटी सदस्यों ने तन मन धन सहयोग देकर सफल शानदार आयोजन करवाया। इस मौके पर मोहन, विनोद, धन्नाराम, भरत, रामलाल, प्रवीण, रामलाल, दिनेश, डुंगाराम सहित मलाड वडेर के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# रोमांचक मुकाबलों में बालक एवं बालिका वर्ग में हरियाणा की टीम बनी विजेता

**चार दिवसीय द्वितीय फास्ट फाईव राष्ट्रीय नेटबॉल स्पर्धा,का पुरस्कार वितरण के साथ समापन**

खरगोन जिले से मुन्ना खान

पुष्पांजली टुडे

**खरगोन**//, जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में विगत 28 जनवरी से प्रारंभ द्वितीय फास्ट फाईव राष्ट्रीय नेटबॉल स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित फाईनल मैचों की श्रंखला में बालक एवं बालिका वर्ग में हरियाणा की टीमें विजेता रही । वहीं बालक वर्ग में राजस्थान एवं बालिका वर्ग में पंजाब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । तृतीय स्थान पर बालक वर्ग में कर्नाटक एवं जम्मू कश्मीर तथा बालिका वर्ग में तेलंगाना एवं राजस्थान की टीमें रही । बालिका वर्ग में बेस्ट प्लेयर शूटर हरियाणा की खिलाड़ी मनीषा एवं बालक वर्ग में केरल के केविन ने पुरस्कार जीता । सभी विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी भेंट की ।इस अवसर पर मुख्य अतिथी के रूप में इन्दौर से समाज सेवी गोविंद सिंह बघेल एवं राजेश




सोनी , जिला राजगड़ नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कात्रे , धार नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय थोरात, डॉ. अतुल उपाध्याय, डीन डॉ. सुनील सुगंधी , आकाश चौहान , अभिषेक मुकाती , सुमित खिची, प्रणव भोंडवे , हर्षद सातव उपस्थित थे । समारोह की शुरूआत परंपरागत रूप से सरस्वती पूजन से की गई । इसके उपरांत सभी आमंत्रित अतिथयों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रो. नितिन नामदेव ने किया । आभार प्रदर्शन नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन मप्र के सचिव लक्ष्मण दातिर ने किया । जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में आयोजित 4 दिवसीय द्वितीय फास्ट फाईव राष्ट्रीय नेटबॉल स्पर्धा के समापन अवसर पर पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री अरूण यादव एवं म.प्र. के पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने सभी विजेताओं को अपने संदेश में बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

**जतिन थोरात**

**आयोजन सचिव**

# गांव चलो अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ केंद्र पर पहुंचेगा -डॉ रमेश दुबे

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक

पुष्पांजली टुडे

**लहार-** भाजपा केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के संयुक्त तत्वाधान में मिशन 2024 लोकसभा चुनाव को माध्यम बनाकर चलाये जा रहे गांव चलो अभियान में पार्टी कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भूमिका में कर्तव्य,निष्ठा एवं समर्पण भाव से जिले के सभी गांव के प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर अभियान को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाना है। 60 प्रतिशत वोट प्राप्त करने का लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने-अपने बूथों पर संकल्प लेकर लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसना है। कार्यकर्ता ही हमारे लिए सर्वोपरि है। हम सब भाजपा की विचारधारा में कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ता है। मिशन-2023 विधानसभा चुनाव में बूथ मेंटीनेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में प्रचण्ड जीत के साथ मिली अब हमें यह ही लक्ष्य लेकर लोकसभा चुनाव में कार्य करना है। यह उद्गार गांव चलो अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं गांव चलो अभियान के जिला प्रभारी डॉक्टर रमेश दुबे ने लहार क्षेत्र के सरयू वाटिका में आयोजित विधानसभा क्षेत्र की बैठक कोसंबोधित करते हुए व्यक्त किए। गांव चलो अभियान के जिला प्रभारी डॉक्टर रमेश दुबे ने कहा कि गांव चलो अभियान हम सब कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी एवं अयोध्या में भगवान राम का मंदिर निर्माण से पूरा भारत अद्भूत दिशा की ओर जाग्रत हुआ है,जिन्होनें अयोध्या में भगवान श्रीराम का 500 वर्ष पुराना राम जन्म भूमि मंदिर पर निर्माण करना यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशलता का परिचायक है। जिन्होनें निर्माण कराकर इस भारत को राम-राम के नारों से अयोध्या को नही पूरे भारत के कोने-कोने को अद्भुत किया है। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाकर विकसित संकल्प भारत यात्रा का आयोजन के माध्यम से लाभ दिलाने का कार्य किया है। हर व्यक्ति हर परिवार हर समाज आपकी सरकार





आपके द्वार आपकी योजनाओं से जुट चुका है। यह प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण गारंटी का परिचायक है। प्रभारी दुबे ने कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से हम सब कार्यकर्ता लहार के बूथ केन्द्र गांव के प्रत्येक प्रिवार तक हर कार्यकर्ता को इस अभियान के माध्यम से पहुंचना है। प्रत्येक बूथ पर 60 प्रतिशत बोट का लक्ष्य ही हमारे लिए महत्वपूर्ण है जहां अपनी विचारधारा वाले लोगों को पार्टी से जोड़कर अपने बूथ को मजबूती दिशा से जोड़ना है यही हमारे लिए बहुत बड़ा लक्ष्य है। उन्होनें कहा कि केन्द्र/राज्य सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों एवं धार्मिक मठ-मंदिरों,गणमान्य नागरिकों को भी हम पार्टी से जोड़ने का अभियान इसी गांव चलों के तहत करना है। उन्होनें कहा कि जो विस्तारक गांव-गांव जायेंगे,उनके लिए प्रत्येक बूथ केन्द्र पर कार्यकर्ता उनका सहयोग करते हुए अपने संगठनात्मक करणीय कार्यो को गति प्रदान करना है। उन्होनें कहा कि गांव चलो अभियान 09 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक कार्यकर्ता को हर गांव में परिवार के बीच रहना है,ताकि उनमें एक परिवादवाद का संदेश जाग्रत होकर और अपनी योजनाओं के बारे में उन्हें बतायें। गांव चलो अभियान के तहत संगठनात्मक समीक्षा के माध्यम से कहा कि यह अभियान अतिमहत्वपूर्ण है,जिले के 26 मण्डलों में 04 फरवरी से 09 फरवरी तक कार्यशालायें आयोजित की जायेगी,जिसमें प्रत्येक बूथ पर लोकसभा चुनाव की दृष्टि से हमें मजबूत करना है,और जिस कार्यशाला में विस्तारक के रुप में कार्यकर्ता शामिल होंगे उनकी हमें सबकी सूची उपलब्ध कराना उन्हीं को मण्डल कार्यशाला में आमंत्रित करना है। 24 घंटे के लिए पार्टी के इस अभियान में गांव चलो के माध्यम से हमें सर्वसमाज के व्यक्ति को जोड़ना है और मतदाता सूची में नाम बड़ाने और घटाने की प्रक्रिया के साथ अपने बूथ को मजबूती प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य है। विधानसभा संयोजक नवल किशोर मिश्रा ने कहा कि भाजपा किसी न किसी संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय करती है जिस तरह कार्यकताओं ने मिशन विधानसभा चुनाव में अपने बूथ पर मजबूती से कार्य किया है उसी तरह हमें लोकसभा चुनाव में करना है 200 पार सीटों का संकल्प लेकर लोकसभा चुनाव को प्रत्येक बूथ 1 लाख वोट दिलाने का संकल्प लेकर प्रत्येक बूथ केंद्र पर कार्यकर्ता चुनाव अभियान में जुड़ जाए। यह चुनाव केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूती प्रदान करेगा और मध्य प्रदेश की सरकार को गति मिलेगी और साथ ही लहार विधानसभा के विकास को आगे बढ़ाया। विधानसभा चुनाव में 75000 वोट कार्यकर्ताओं की परिश्रम से मिले।वोट दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं अपनी पराकाष्ठा परिश्रम,कर्तव्य,निष्ठा का कार्य करेंगे क्योंकि कार्यकर्ता ही हमारे लिए संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी है।गांव चलो अभियान के माध्यम से पोलिंग बूथों पर प्रत्येक कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय बिताकर अभियान को सर्वव्यापी बनाना है। पार्टी की मंशानुसार हमें 60 प्रतिशत से अधिक वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर लोकसभा चुनाव की दृष्टि से जोड़ना है। साथ ही उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति को पहुंचाकर उन्हें लाभ दिलाने का कार्य करें,ताकि हमारा बूथ मजबूत दिशा से जुड़े। उन्होनें कहा कि अभियान को मजबूत बनाने के लिए जिस कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिली है वे अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए इस अभियान में एकजुट होकर जुटना है,और उन्होनें कहा कि मतदाता सूची में अपने समर्थित और विचार वाले लोगों के नाम जुडवाकर अपने बुथ को मजबूती की दिशा में ले जाएं।बैठक में गांव चलो अभियान के तहत 6 मंडलों में 1 फरवरी से 3 तक कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी इसमें विस्तारक के रूप में 296 कार्यकर्ता गांव-गांव की चौपाल पर पहुंचकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क करेंगे। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के 296 भूत ग्राम पंचायत 80 गांव 180 तक प्रत्येक कार्यकर्ता और सभी जनप्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्ताओं का गांव-गांव पहुंचकर मार्गदर्शन करते हुए संगठन आत्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान कर लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रियता से उनका उमंग और उत्साह के साथ आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। विधानसभा क्षेत्र मंडल लहार की कार्यशाला 2 फरवरी इसी दिन में मिहोना, आलमपुर देवास मैं आयोजित की जाएगी 3 फरवरी को मछंड इसी दिन असवार को संपत्र होगी। बैठक का शुभारंभ बैठक का शुभारंभ डॉक्टर दुबे द्वारा भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्रों पर दीप प्रचलित एवं मालन प्रखंड माल्यार्पण कर दिया गया।

## मेले में लगे झूलों में नट बोल्ट दुरुस्त मिले न सीट बेल्ट

ग्वालियर । व्यापार मेले में सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी और लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी टीम झूलों की जांच करने पहुंची। टीम ने छह घंटे में 32 झूलों की सघन जांच की। जांच में टीम को कई झूलों में न तो नट बोल्ट दुरुस्त मिले और यहां तक कि कई में सीट बेल्ट भी नहीं थी। इसके अलावा भी कई अन्य खामियां भी मिलीं। इनको दूर करने के निर्देश अधिकारियों ने झूला संचालकों को दिए। साथ ही एक सूची मेला प्राधिकरण सचिव निरंजन लाल श्रीवास्तव को सौंपी। मेला सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि कमियों को दूर करने झूला संचालकों को नोटिस दिए जाएंगे। खामियों को देखते हुए यह सवाल भी उठ रहा है कि झूला संचालन शुरू होने से पहले इन्हें फिटनेट सर्टिफिकेट कैसे जारी हो गए। आमजन की सुरक्षा के लिए सभी झूलों में काले रंग के सीट बेल्ट लगाए जाने के साथ रेलिंग के नट बोल्ट दुरुस्त कराने के निर्देश झूला संचालकों को मिले हैं। साथ ही झूला संचालकों को कहा गया है कि वह अपने झूलों में गर्भवती, गंभीर बीमारी से पीड़ित, मिर्गी, हृदय रोगियों और रक्तचाप से पीड़ित लोगों को न बैठाएं। सोमवार को झूला सेक्टर के सभी झूलों का संचालन बंद रहा है। लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी की रिपोर्ट आने के बाद ही झूले शुरू करने का निर्णय प्रशासन द्वारा लिया जाएगा। महिला के झूला से गिरने के बाद हुई झूलों की फिटनेस चेक- रविवार को मुरार बंशीपुरा निवासी 32 वर्षीय रिहाना खान नाव झूले से गिर गईं। उनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। रिहाना के झूले से गिरने के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में झूलों की फिटनेस चेक कराने टीम भेजी। इसने सोमवार को 32 झूलों का परीक्षण किया। टीम को मेजर फाल्ट नहीं मिला, लेकिन कुछ खामियां मिली जिनको सूचीबद्ध कर मेला प्राधिकरण को सौंप दिया गया। रिहाना खान के पति जमील खान ने बताया कि रिहाना की हालत ठीक नहीं है।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन संपन्न,मुरैना के रामबरन सिंह सिकरवार गलेथा को प्रांतीय उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए घोषित

मध्य प्रदेश शिक्षक के प्रांतीय निर्वाचन के लिए 27जनवरी को फार्म भरे गये और उसी शाम रात्रि 7 बजे राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्रजी कपूर एव सभी प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियो के साथ बैठक में सभी ने निर्णय लिया और समस्त कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया जिसमे मुरैना के रामबरन सिंह सिकरवार को प्रांतीय उपाध्यक्ष घोषित किया गया पूर्व में यह प्रांतीय सचिव के पद पर भी रहे है। इनसे सभी को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास भी है। कि इनके प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने से संगठन में एकता एवं ताकत प्रदान करेंगे 7 मुरैना जिले के मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों में खुशी की लहर फैल गयी है। प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ जी एवं 14 पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया है। श्री सिकरवार कल सुबह भोपाल एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचेंगे। मध्यप्रदेश



शिक्षक संघ के सभी सदस्यो , शिक्षको एवं पदाधिकारियो से अपील की जाती है। कि आप सभी रेलवे स्टेशन पर पधारे । आजसभी से अपील कर्ताओं में श्यामवीर सिंह राठौड़, जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार जिला सचिव राम अवतार सिंहसिकरवार, राधवेन्द्र सिंह धाकरे, उमेश पाठक , विमलेश यादव, के के शर्मा,वीरेन्द्र यादव, दिग्विजय सिंह जादौन, वीरेन्द्र धाकड़, सदीप धाकड़ जेपी शर्मा, देवेन्द्र सिंह, धर्म सिंह खजूरी, अंगद सिंह तोमर , अशोकसिंह तोमर, सतेन्द्र सिंह तोमर, धर्म सिंह तोमर, विहारी सिंह तोमर , भँवर सिंह तोमर,थान सिंह, वीरेन्द्र कुशवाह, महेश गुप्ता, जगदीश शर्मा,रामौतार इन्दौलिया, सीताराम सिकरवार, रूपेन्द्रसिंह, लोकेन्द्र सिंह, राजेशभदौरिया, प्रमोद आरोलिया , कमलेश माहौर, आवलेश उपाध्याय, सुधीशशर्मा, अरुण तोमर ,रुस्तम सिंह ,पी के त्यागी, प्रदीप शर्मा,कीरत सिंह,महेश व्यास,रामकुमार कुलश्रेष्ठ,अरविन्द सिकरवार, विनोद गुप्ता,सुरेन्द्र छारी, हरीश तोमर, कुलदीप सोलंकी,मधुलता तोकर ,विन्दु सोलकी ,रीना शर्मा, कल्पना शर्मा,संगीता निगम, सपना सिकरार,राधा सिंह,राखी सिकरवार, सैकड़ो शिक्षको के द्वारा अपील की जा रही है।

## डॉ. मोहन यादव आज मुरैना आयेंगे

### संभागीय समीक्षा बैठक के साथ जन आभार यात्रा और राज्य स्तरीय रोजगार मेले में सम्मिलित होंगे



मुरैना /मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 फरवरी, 2024 को मुरैना आयेंगे। संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। अहमदाबाद-ग्वालियर उ?ान का उद्घाटन सहित रोजगार दिवस कार्यक्रम में भी सम्मिलित होंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 फरवरी को प्रातः 9:55 बजे भोपाल से स्टेट हेंगर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10:40 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रातः 10:45 बजे ग्वालियर से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11 बजे मुरैना आकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री पूर्वान्ह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1 बजे व्हीसी के माध्यम से अहमदाबाद, ग्वालियर उ?ान का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1:55 बजे जन आभार यात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2:30 बजे रोजगार दिवस, सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3:40 बजे मुरैना से हेलीकॉप्टर द्वारा ग्वालियर के लिये प्रस्थान करेंगे। अपरान्ह 4 बजे ग्वालियर से प्लेन द्वारा प्रस्थान कर सायं 4:45 बजे भोपाल पहुंचेगे।

## पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना प्रदेश की सिंचाई में वरदान साबित होगी : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिलकर जल संसाधन मंत्री ने किया आभार व्यक्त

**मुरैना** /जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में वरदान साबित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज मंत्रालय में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने मुलाकात कर इस त्रिपक्षीय परियोजना के एमओयू पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के हस्ताक्षर होने पर आभार व्यक्त किया।मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच रविवार को श्रमशक्ति भवन स्थित जल शक्ति मंत्रालय के कार्यालय में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत,



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में सचिव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय श्रीमती देबाश्री मुखर्जी, मध्य प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा और राजस्थान शासन के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन श्री अभय कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लगभग दो दशकों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को लाभ पहुंचेगा। प्रदेश के ड्राई बेल्ट वाले जिलों जैसे मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिंड और श्योपुर में पानी की उपलब्धता ब?गी और औद्योगिक बेल्ट वाले जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास और राजगढ़ के औद्योगीकरण को और बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश के मालवा और चंबल अंचल में लगभग तीन लाख हेक्टेयर का सिंचाई रकबा बढ़ेगा।

## अधिकारी, कर्मचारी पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं

**मुरैना** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को उनकी पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जो व्यक्ति एक स्थान पर तीन महीने से अधिक निवास करता है, उसे मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का हक है। अधिकारी, कर्मचारी अपनी पदस्थापना स्थल तथा मुख्यालय में नियमित रूप से निवास करते हैं। इसके बावजूद कई अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कराया गया है। अपना नाम पदस्थापना स्थल की मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल कराएं।

## राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम मुरैना मेंमध्यप्रदेश में एक फरवरी को बनेगा रिकार्ड प्रदेश में एक दिन में एक साथ 7 लाख युवाओं को स्व-रोजगार मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे मुख्य अतिथि 5151 करोड़ से अधिक का ऋण होगा वितरित

**मुरैना** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक फरवरी को मुरैना में प्रदेश के 7 लाख से अधिक युवाओं को एक दिन में 5151 करोड़ 18 लाख 90 हजार की ऋण राशि देकर युवाओं को रोजगार संपन्न बनाने के संकल्प की शुरूआत करेंगे। यह अभूतपूर्व अवसर होगा जब एक दिन में 7 लाख लोगों के हाथों को काम मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह कार्यक्रम 31 जनवरी को होना था। एमएसएमई सचिव एवं उद्योग आयुक्त श्री पी नरहरि ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम के साथ ही सभी जिलों में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम भी होगा, जिसमें युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र दिए जाएंगे। मुरैना में होने वाले मुख्य रोजगार दिवस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. यादव 4 जिलों के अनूपपुर, ब?वानी, दमोह एवं छतरपुर के एक हितग्राही से सीधा संवाद भी करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का क्षेत्रीय चैनल्स के अलावा सोशल और डिजिटल मीडिया पर भी सीधा प्रसारण होगा। उद्योग आयुक्त ने बताया कि रोजगार दिवस कार्यक्रम में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में युवाओं को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण दिलवाया जाता है। इस दिन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में सर्वाधिक 6 लाख 32 हजार 574 युवाओं को 4510 करो? से अधिक का ऋण वितरित किया जाएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 13812 समूहों को 380 करो? 71 लाख, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 67 हजार 166 हितग्राहियों को 113 करो? 44 लाख, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 943 व्यक्तियों को 12 करो? 87 लाख से अधिक, 79 समूह को एक करो? 77 लाख तथा 689 समूहों को क्रेडिट लिंकेज में 13 करो? 47 लाख 91 हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसी तरह प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम में 905 को 56 करोड़ 60 लाख, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 802 युवाओं को 54 करो? 44 लाख, संत रविदास स्वरोजगार योजना में 62 को 2 करो? 41 लाख 36 हजार, डॉ. अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 65 को 13 लाख 35 हजार, सावित्री बाई फुले सहायता योजना में 18 युवाओं को 97 लाख 5 हजार, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 61 को 2 करो? 12 लाख 4 हजार, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 93 को 43 लाख 73 हजार, मुख्यमंत्री पिछ?ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक उद्यम तथा स्वरोजगार योजना में 27 युवाओं को एक करो? 16 लाख 70 हजार और मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना में 9 व्यक्तियों को 5 लाख 89 हजार का ऋण देकर स्वरोजगार स्थापित करवाया जाएगा।

## ''मेरी खोज पेटिंग'' प्रतियोगिता 3 फरवरी को संग्रहालय में आयोजित होगी

**मुरैना** भारतीय संस्कृति विधि इंटेक नई दिल्ली की विरासत शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग के मार्गदर्शन में मुरैना चेप्टर की ''मेरी खोज'' विषय पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता 3 फरवरी को अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की गई है। श्री अशोक शर्मा ने बताया कि मेरी स्मारक-मेरी खोज निबंध प्रतियोगिता में पोस्टर और मुरैना जिले की स्थानीय विरासत जिसमें पोस्टर 1-3 का कागज पर बनाना होगा एवं 200 शब्दों का लेख ए-4 साइज कागज पर होना चाहिये। यह प्रतियोगिता केवल कक्षा 7 से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिये होगी। सभी प्रतियोगियों को बाद में प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के अनुसार पुरातत्व संग्रहालय में श्री अशोक शर्मा के मोबाइल नंबर 7000992083 पर संपर्क कर सकते है।

## जाति प्रमाण-पत्र बनवाने आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य

**मुरैना /लोकसेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्क? एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्क? एवं अर्द्ध घुमक्क? ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।**

## जिले में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के 20 प्रकरण दर्ज कर 04 आरोपी किये गिरफ्तार

**मुरैना** /कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में विगत सप्ताह 22 जनवरी से 28 जनवरी 2024 तक की अवधि में जिले में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के कुल 20 प्रकरण दर्ज कर 04 आरोपी गिरफ्तार किये गये है। जिनमें मुरैना वृत में 07, अम्बाह में 04, सबलग? में 03 और जौरा वृत में 06 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है। इन प्रकरणों में लगभग 31 हजार 880 रूपये की 87.66 बल्क लीटर देशी शराब जप्त की गई तथा 01 मोटरसायकल जप्त की गयी। जिसका अनुमानित मूल्य 35 हजार रूपये है। जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि इसी अवधि में जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं पर कुल 40 विभागीय प्रकरण ठेकेदारों के विरूद्ध दर्ज किये गये हैं। सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर 05 शिकायतें प्राप्त हुई एवं 07 शिकायत का जॉच प्रतिवेदन दर्ज किया गया तथा माह जनवरी 2024 प्रथम पक्ष अन्त तक की देय निर्धारित संपूर्ण न्यूनतम प्रत्याभूति राशि रूपये 1538662828 जमा कराई गयी है। 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने विभाग में उत्कृष्ट संपादन के लिए श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला आबकारी अधिकारी, श्री विजय कुमार सेन, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, श्री अनिरूद्ध खानवलकर, आबकारी उप निरीक्षक, श्रीमती भावना डण्डौतिया, आई.टी. ऑपरेटर एवं श्री धर्मेन्द्र सिंह, आईटी ऑपरेटर को प्रशंसा-पत्र प्रदान किये गये।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीयन प्रक्रिया 05 फरवरी से 01 मार्च तक किसान निर्धारित केन्द्रों पर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है

मुरैना /रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। पंजीयन प्रक्रिया 05 फरवरी से 01 मार्च तक किया जाना है। किसान निःशुल्क पंजीयन के लिए तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 05 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक निःशुल्क कर सकते है। जिले में रबि उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसान अपनी सुविधा अनुसार निःशुल्क पंजीयन कराने के लिए भूमि संबधी दस्तावेज एंव किसान के आधार से लिंक बैंक खाते, मोबाईल नंबर एंव आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन उपरांत अधिकृत पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एंव वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस संबंध में शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा, कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

## चम्बल कमिश्नर श्री दीपक सिंह व कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के भ्रमण की तैयारियों का किया अवलोकन

**मुरैना** /मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 फरवरी 2024 को मुरैना जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री मुरैना में अहमदाबाद-ग्वालियर उड़ान का उद्घाटन सहित रोजगार दिवस कार्यक्रम और जन आभार यात्रा में सम्मिलित होंगे। इस संबंध में चम्बल कमिश्नर श्री दीपक सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर बैठक व्यवस्था, एनआईसी कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने वीसी के माध्यम से भोपाल क्नेक्टिविटी के संबंध में जुड़कर टेस्टिंग की। उन्होंने अधिकारियों को बैठक व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तार से निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री सुनील त्यागी, ई-गर्वेनेंस मैनेजर श्री मनीष शर्मा सहित अन्य संभागीय एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने किया तीसरे प्रो-बोनो क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन

### समाज के पिछड़े एवं जरूरतमंद वर्ग की मदद करने के लिए किए जा रहे है गंभीर प्रयास

**इंदौर/मुरैना** /मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा लगातार तीसरे प्रो-बोनो क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायिक सेवा परीक्षाओं की कठोर चुनौतियों का सामना करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य वंचित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए प्रो-बोनो प्रशिक्षण सत्र शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। 30 जनवरी, 2024 को न्यायमूर्ति श्री रवि मलिमथ, मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक-प्रमुख, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर ने एमपी की मुख्य लिखित परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में संबोधित किया और कहा कि कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण और समान अवसर देना हमारा संवैधानिक लक्ष्य है और जब अपने संवैधानिक प्रदर्शन की बात आती है तो मध्य प्रदेश हमेशा अग्रणी रहा है। अधिवक्ताओं के लिए नियमित क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने का यह मध्य प्रदेश राज्य का ऐतिहासिक क्षण है। इस प्रकार के कार्यक्रम से न केवल अधिवक्ताओं को लाभ होगा बल्कि संस्थानों को भी लाभ होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमें अच्छे और योग्य उम्मीदवार और न्यायपालिका में शामिल होने के लिए उचित रूप से प्रशिक्षित उम्मीदवार मिले। यदि आपके पास अच्छा जज है तो आपको अच्छा जजमेंट मिलेगा। मध्य प्रदेश राज्य में चल रही चयन प्रक्रिया को देखते हुए हम अधिकांश सीटें भरने में असमर्थ हैं क्योंकि वे विशेष रूप से इन श्रेणियों में खाली हैं। इसे एक चुनौती के रूप में लेते हुए हम समाज के इस पिछड़े वर्ग की मदद के लिए ईमानदारी से प्रयास करें, तभी हम उनके प्रति संवैधानिक दायित्व को पूरा कर पाएंगे।हम उन सभी लोगों की मदद के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं जो न्यायपालिका में शामिल होना चाहते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन उम्मीदवारों के साथ-साथ संस्थान की मदद के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री शील नागू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ÷यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम एमपीएसजेए और एमपीएसएलएसए द्वारा शुरू किया गया तीसरे प्रकार का कार्यक्रम है, जो अनुसूचित जाति/जनजाति, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर उम्मीदवारों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करता है। अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर न्यायमूर्ति श्री विवेक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व में 24 अगस्त 2023 को भी क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें अधिवक्तागण जो विशेष रूप से एससी/एसटी, अल्पसंख्यकों, महिला, ईडब्ल्यूएस एवं अन्य श्रेणी में आते हैं उनके लिए 50 सत्र आयोजित किए गए थे। उस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में 480 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 45 अधिवक्ताओं ने 2023 की प्रारंभिक परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। उक्त कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी, एमपीएसएलएसए और एमपीएसजेए के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 86 करोड़ 11 लाख रूपये से अधिक के भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे

### कृषि उपज मंडी में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस एवं जन आभार यात्रा में होंगे सम्मिलित

**मुरैना /मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुरैना में 1 फरवरी को राज्य स्तरीय रोजगार दिवस एवं जन आभार यात्रा में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री मुरैना प्रवास पर 86 करो? 11 लाख रूपये से अधिक के निर्माण, विकास कार्या का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। जिनमें 76 करो? 70 लाख रूपये की लागत से लोकार्पण एवं 9 करो? 41 लाख 35 हजार रूपये की लागत के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे।**

## संपादक की कलम से

# देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है वह पढ़ना चाहती है

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां जानती है कि महिलाओं का सम्मान और नारी शक्ति का का सशक्त मूल्यांकन और प्रोत्साहन जितना अधिक गंभीरता से भारत में होता है उतना शायद कहीं नहीं होता।आज हम भारतीय हर क्षेत्र में नारी शक्ति का बोलबाला देख रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक याने जमीन से आसमान तक विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ाते हुए विकसित भारत लक्ष्य प्राप्त करने में नारी शक्ति का अभूतपूर्व योगदान प्राप्त हो रहा हैजिसका ताजा उदाहरण हमने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को देखा जिसमें पूरी कर्तव्य पथ परेड और अन्य कार्यक्रम महिला केंद्रित रहे चाहे वह परेड हो या फिर संस्कृतझांकियां अधिकतम महिला सशक्तिकरण केंद्रितथी जिसकीसटीकता पर मोहर आज दिनांक शक्ति 27 जनवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट 2020-21 में भी लगाई गई जिसमें कहा गया है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं शिक्षा क्षेत्र में अधिक आ रही है। इस तरह आज माननीय उपराष्ट्रपति पीएम,शिक्षा मंत्री ने भी नारी शक्ति पर हामी भरते हुए कहा महिला सशक्तिकरण का शैक्षणिक सुधारो के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है।चूंकि 26 जनवरी और आज 27 जनवरी 2024 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा अपनी रिपोर्ट में बेटियों की अधिक चाहत पढ़ाई में बताई है, इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ नारी केंद्रित हो या शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट हो, हर जगह साफ दिखने को मिला बेटियां आगे बढ़ना चाहती है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 27 जनवरी 2024 को जारी शिक्षा मंत्रालय की सर्वेक्षण रिपोर्ट की करें तो, लड़कियों ने किए सबसे ज्यादा नामांकनउच्च शिक्षा को लेकर छात्राओं में सबसे ज्यादा रुचि देखी गई है2014-15 में देश में उच्च शिक्षा में नामांकन कराने वाली छात्राओं की संख्या जहां 1.57 करोड़ थी, वह 2021-22 में 2.07 करोड़ हो गई। एससी/एसटी छात्र-छात्राओं के नामांकन में भी काफी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यूनिवर्सिटी के नए संस्थान सरकार की ओर से आयोजित उच्च शिक्षा परअखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021 के अनुसार, 2014-15 से 341 विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान स्थापित किए गए हैं। वहीं छात्र/छात्राओं की बढ़ती संख्या के साथ महिला शिक्षकी संख्या 2014-15 में 5.69 लाख से बढ़कर 2021-22 में 6.94 लाख हो गई है। वर्ष 2021-22 के लिए हाल ही में जारी उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार पिछले आठ वर्षों में पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं ने उच्च शिक्षा में नामांकन किया है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में कुल नामांकन में वृद्धि (91 लाख) में महिलाओं की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत है। नवीनतम सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, कुल नामांकन 4.33 करोड़ में से 48 प्रतिशत या 2.07 करोड़ महिलाएं हैं।2019-20 में महिला नामांकन में 1.88 करोड़ से 2.01 करोड़ की मामूली वृद्धि देखी गई।2014-15 में कुल 3.42 करोड़ नामांकन में महिलाओं का प्रतिशत 46 प्रतिशत था। वहीं, उच्च शिक्षा में 2021-22 के सत्र में नामांकन बढ़कर लगभग 4.33 करोड़ हो गया जो इससे पिछले सत्र में 4.14 करोड़ था। विज्ञान संकाय में महिला अभ्यर्थियों के नामांकन की संख्या पुरुषों की संख्या से अधिक है। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) में यह जानकारी सामने आई है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार की रात जारी सर्वेक्षण के अनुसार कुल मिलाकर महिला नामांकन 2020-21 में 2.01 करोड़ से बढ़कर 2021-22 सत्र में 2.07 करोड़ हो गया है। एआईएसएचई की रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च शिक्षा में कुल नामांकन2020-21 में 4.14 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में लगभग 4.33 करोड़ हो गया है। वर्ष 2014-15 में नामांकन के आंकड़े 3.42 करोड़ में लगभग 91 लाख की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है, महिला नामांकन 2020-21 में 2.01 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में 2.07 करोड़ हो गया है। वर्ष 2014-15 में महिला नामांकन में 1.57 करोड़ के मुकाबले लगभग (32 प्रतिशत) 50 लाख की वृद्धि हुई रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पीएचडी में महिला नामांकन 2014-15 सत्र के 0.48 लाख से दोगुना होकर 2021-22 में 0.99 लाख हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2021-22 की अवधि के लिए महिला पीएचडी नामांकन में वार्षिक वृद्धि 10.4 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि 2021-22 में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएच.डी. और एम.फिल स्तर पर 57.2 लाख छात्र विज्ञान संकाय में नामांकित हैं जिसमें छात्राओं की संख्या 29.8 लाख के मुकाबले छात्रों की संख्या (27.4 लाख) से अधिक है।रिपोर्ट के अनुसार एसटी छात्रों का नामांकन 2014-15 में 16.41 लाख से बढ़कर 2021-22 में 27.1 लाख हो गया जिसमें 65.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शिक्षा मंत्रालय 2011 से उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण आयोजित कर रहा है, जिसमें देश में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है। सर्वेक्षण के तहत विभिन्न मापदंडों जैसे छात्र नामांकन, शिक्षकों का आंकड़ा, ढांचागत एवं वित्तीय सूचनाओं आदि पर विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है।

साथियों बात अगर हम देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है वे पढ़ना चाहती है की करें तो, देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती हैं, वे पढ़ना चाहती हैं।

उनकी यह ललक गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ की परेड हो या फिर शिक्षा मंत्रालय की और से उच्च शिक्षा को लेकर जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021-22 की रिपोर्ट, हर जगह साफ दिखने को मिली।

# डेटिंग का चक्कर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

वे लोग वर-वधू के गुण-नक्षत्र पर जोर देने के बजाए किसी ओर चीज को लेकर परेशान थे। पंडित जी ने लड़की की माँ से कहा झ ह्लदेखिए बहिन जी! गुण-नक्षत्रों का क्या है, वो तो ले देकर भी सेटल किये जा सकते हैं। वह तो मेरे बाएँ हाथ का खेल है। लेकिन आजकल के लड़के-लड़कियों के लिए पंचांग वाले छत्तीस गुणों की चिंता कम दूसरे किस्म के गुणों की चिंता अधिक रहती है। कहने को तो पढ़े-लिखे होते हैं लेकिन व्यवहार गंवारों वाले करते हैं।

लड़की की माँ ने बड़े भोलेपन से पूछा झ ह्लहे ज्योतिषाचार्य जी! मैं कुछ समझी नहीं। आप किन गुणों की बात कर रहे हैं? क्या ये गुण इतने जरूरी हैं कि इनके बिना शादी नहीं हो सकती

ज्योतिषी जी ने आँखें बड़ी करते हुए कहा झ ह्लहाँ बहिन जी! मैं जिन गुणों की बात कर रहा हूँ। उनके बारे में सुनेंगी तो आप का माथा भी ठनक जाएगा। एक समय था जब लड़का-लड़की रूप, रंग, गुण, स्वभाव आदि को देखकर चट मंगनी पट ब्याह कर लेते थे। अब वैसे दिन कहाँ रहे। अब तो हजार किस्म के चोंचले हैं। मसलन लड़का-लड़की बिल्ली-कुत्ता पसंद करते हैं कि नहीं। करते हैं तो किस रंग, आकार और ऊँचाई का। आल्कोहलिक हैं या नॉन-आल्कोहलिक। आल्कोहलिक हैं तो कौनसी ब्रैंड, फिर वह ब्रैंड नियमित पीते हैं या फिर कभी-कभार आदि-आदि। कौन सा रंग, फल-फूल, सब्जी, गाना, अभिनेता, फिल्म, साइट सीन पसंद है या नहीं आदि-आदि।

लड़की की माँ आश्चर्य से झ ह्लबाप रे बाप! लड़का-लड़की एक-दूसरे को पसंद करने के लिए इतने चोंचले करते हैं। फिर ऐसे लोगों की शादी करने के लिए क्या करना चाहिए महाराज?ह्व

ज्योतिषी जी हँसते हुए झ ह्लबहिन जी इसके लिए हमें कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। जो कुछ करना होता है वो तो लड़का-लड़की को करना होता है। इसीलिए आजकल वे डेटिंग पर जाते हैं। डेटिंग पर जाने से लड़का-लड़की एक-दूसरे को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से अच्छी तरह समझ जाते हैं। एक तरह से कहिए कि कोई बर्तन खरीदने से पहले ठोक-बजाकर देख लेते हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि वे आगे एक-दूसरे के साथ टिक पायेंगे कि नहीं। सब कुछ ठीक रहा तो वे ब्याह करने के लिए राजी हो जायेंगे। नहीं तो तू अपनी गली मैं अपनी गली।

# प्राण प्रतिष्ठा में मुसलमानों की उपस्थिति के संदेश



अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना उमेर इलियासी समेत बहुत सारे मुसलमान धर्म गुरुओं की और फि ल्म कलाकारों, गायकों , कलाकारों और शहाबुद्दीन हुसैन जैसे राज नेताओं की उपस्थिति सुकून देने वाली थी। इनका भगवान श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को निर्विघ्न पूर्ण करवाने में पूरा नैतिक समर्थन रहा। इन्होंने अपनी उपस्थिति से यह भी संदेश दिया कि देश के बहुसंख्यक और पढ़े - लिखे समझदार मुसलमान अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का समर्थन करते हैं।

प्राण - प्रतिष्ठा के बाद अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम मौलाना इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि वास्तव में यह ही नए भारत का चेहरा है। हमारा सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है।यह बदलते भारत की तस्वीर है। आज का भारत नवीन भारत, आज का भारत उत्तम भारत, मैं यहां पैगाम-ए-मोहब्बत लेकर आया हूं। हमारी इबादत करने के तरीके अलग जरूर हो सकते हैं, पूजा पद्धति जरूर अलग हो सकती है, हमारी आस्थाएं जरूर अलग हो सकती है, लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है वह इंसान और इंसानियत का है।

अब यह जानना जरूरी है कि मौलाना उमेर इलियासी कौन हैं? कुछ समय पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अध्यक्ष मोहन भागवत की मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात के बाद उनके बारे में जानने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की तरह से बढ़ी है। वे राजधानी में इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के विद्वान तो हैं ही। बड़ी बात ये है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है सर्वधर्म समभाव। वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं।

मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आए थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्धीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधी जी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जाएंगे। गांव वालों ने उनकी बात मानी थी। मौलाना उमेर इलियासी राजघाट में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलनों में लगातार पहुंचते हैं। बहुत ही प्रखर वक्ता हैं। वे जब कुरआन के साथ गीता और बाइबल से भी उदाहरण देकर अपनी बात रखते हैं तो श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

गोल मस्जिद में एक जमाने में श्रीमती इंदिरा गांधी जी भी आया करती थीं।तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर अहमद इलियासी के पिता थे। वे भी राष्ट्रवादी मुसलमान थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। उन्होंने गोल मस्जिद में हरेक फकीर या भूखे इंसान के लिए भोजन की व्यवस्था की रिवायत शुरू की थी। उसे मौलाना उमेर इल्यासी ने अपने वालिद के 2010 में इंतकाल के बाद आगे बढ़ाया। मौलाना उमेर इलियासी साफ कहते हैं कि उनके पु?खे हिन्दू ही तो थे। वे तो यहां तक कहते हैं कि वे भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनका परिवार करीब दो झढाई सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार कर चुका है। वे मानते हैं कि इस्लाम का रास्ता सच्चाई, अमन और भाई चारे की तरफ लेकर जाता है। इस्लाम में किसी के लिए कोई नफरत का भाव नहीं है। इस्लाम समता के हक में खड़ा होता है। मौलाना उमेर इलियासी की स्कूली शिक्षा राजधानी के पंडारा रोड के सरकारी स्कूल में हुई। पर उम्र बढ़ी तो उनका रास्ता बदल गया। पिता मौलाना जमील इलियासी ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। उन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में प्रशिक्षित किया।

वे मानते हैं किभारत में शांति के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। उनकी इसी सोच का नतीजा है कि गोल मस्जिद में ईद और दिवाली पर आलोक सज्जा होती है। दीपोत्सव अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला अनोखा त्योहार है। ये भारत की धरती का पर्व है। गोल मस्जिद में सब मिलकर दिये जलाते हैं और बनाते हैं रंगोली। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि, अंधेरा अधिक काल। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का। भारत के लाखों मुसलमान भी दिवाली को मनाते हैं। वे दिवाली पर अपने घरों- दफ्तरों की सफाई करने के अलावा चिराग जलाते हैं। सच में प्रकाश और रोशनी का पर्व अंधकार से रोशनी में ले जाता है। देश ने 22 जनवरी को एक बार फिर से दिवाली वाला उत्साह देखा। उस दिन सारे देश में आलोक सज्जा हो रही थी। अगर कुछ कठमुल्लों को छोड़ दिया जाए तो जिस दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी हस दिन सारा भारत आनंद की स्थिति में भजन-कीर्तन हो रहे थे। उसमें गैर- हिन्दुओं की भी भागेदारी रही थी। राजधानी के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से लेकर दिल्ली से सटे कौशांबी के कंचनजंगा कैंपस और मुंबई के जुहू से लेकर कानपुर और सारे देश में विगत 22 जनवरी को हुए भजन-कीर्तन कार्यक्रमों में लाखों-करोड़ों राम भक्तों में कई मुसलमान और ईसाई भी भाग ले रहे थे।

पंडित जेपी शर्मा ह्यत्रिखाह्व बता रहे थे कि वे मुंबई, दिल्ली और एनसीआर में सुंदर कांड आयोजित करते रहे हैं। पर इस बार उनके सुंदर कांड के आयोजन में कुछ मुसलमान और ईसाई मित्र खुद ही शामिल हुए और प्रसाद लेकर अपने घरों को लौटे। यह वास्तव में एक नये भारत का चेहरा था। भारत सबका है और इधर सबको जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के भरपूर अवसर मिलते हैं। अमेरिका के सबसे लोकप्रिय राष्ट्रपतियों में से जॉन कैनेडी ने एक बार सही कहा था कि ह्ययह मत पूछो कि देश ने तुम्हें क्या दिया बल्कि ये पूछो कि तुमने देश को क्या दियाह्व। शीत युद्ध में अमेरिका की भूमिका के संबंध में दिए गए 14 मिनट के भाषण में कैनेडी ने अमेरिकियों का आह्वान किया था, ह्यह्ययह मत पूछो कि तुम्हारा देश तुम्हारे लिए क्या कर सकता है , यह पूछो कि तुम देश के लिए क्या कर सकते हो ह्लह्व उनके इस वक्तव्य को सुनकर कोई भी समझ सकता है कि वे कितनी बड़ी शख्सियत के धनी थे। कैनेडी की अपने देशवासियों को कही बात हरेक भारतीय पर भी लागू होती है। भारत में राम राज्य तो तभी आएगा जब सब राष्ट्र निर्माण में लग जाएंगा।

**आर.के. सिन्हा**
**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# लाला जी का राष्ट्रबोध



भारतीय इतिहास के कालखण्डों में 28 जनवरी की तारीख की ऐतिहासिक महत्ता बहुत ही प्रासंगिक है। आज की तारीख भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दो महानायकों की स्मृतियों में याद की जाती है। आज के दिन हम भारतवासी इस तारीख को भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं तो वहीं इसे पंजाब केसरी के नाम से विख्यात लाला लाजपत राय के जन्म दिवस के रूप में याद करते हैं। भारतीय स्वतंत्रता, स्वराज्य, स्वदेशी, स्वशिक्षा के समर्थक लाला लाजपत राय का व्यक्तित्व भारतीय राष्ट्रवाद का आदर्श था। लाला लाजपत राय ने अपने विचारों से भारत भूमि में ही नहीं वरन विदेश की धरती पर भारतीय स्वतंत्रता की अलख जगाने का कार्य किया। लाला जी ने अपने विचारों और आदर्शों के माध्यम से हमेशा भारत माँ की एकता और स्वतंत्रता के लिए कार्य किया। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्होंने अपनी प्रारम्भिक अवस्था से ही कार्य करना प्रारम्भ कर दिया था। राष्ट्र, भारत की आजादी एवं उसकी एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए लाला जी के कार्यों एवं आदर्शों को याद करेगा। भारतीय राष्ट्रवाद के सच्चे निमार्ता लाला जी का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के अग्रवाल जैन परिवार में हुआ था। लाला जी के राष्ट्रबोध का अध्ययन हमें उनके विचारों में निहित राष्ट्र के पोषक मूल्यों के अध्ययन से होता है। लाला जी ने भारतीय राष्ट्र की अक्षुणता और स्वतंत्रता के लिए अनेक वैचारिक कार्यों का निष्पादन किया जो आज भी भारतीय एकता के लिए पोषक साबित हो सकते हैं। लाला जी के राष्ट्रबोध में भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई में जाति प्रथा के विरोधी होने के साथ-साथ धार्मिक सहिषुणता निहित थी, उन्होंने अंग्रेजों की फूट डालो राज्य करो की नीति की गंभीरता को समझा और भारतीय एकता के लिए कार्य किया। लाला जी हिन्दू महासभा के सक्रिय सदस्य थे परन्तु धर्म के नाम पर विभाजन या वैमनस्य से उनका सरोकार नही था।

1909 में हिन्दू महासभा के मंच से उन्होंने स्पष्ट शब्दों में घोषणा की कि ह्लमैं अपने देश के दूसरे धर्म भाइयों के प्रति बुरे विचार नहीं रखता हूँ, मैं उनके सुख एवं समृद्धि की कामना रखता हूँ ह्व सच्चे धर्म का अनुसरण ही लाला जी के विचारों की आधारशिला थी। लाला जी ने अनेक अवसरों पर हिन्दू-मुस्लिम एकता और उनके समृद्धि की कामना की। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के हिमायती लाला जी ने समय समय पर हिन्दू मुस्लिम एकता के विचारों को व्यक्त किया। लाला जी ने कहा है कि ह्लहमारे देश के प्रति निस्वार्थ भक्ति ही हमारा धर्म होना चाहिए। हमारे जीवन का उद्दांत उद्देश्य होना चाहिए, हममें से प्रत्येक के जीवन का लक्ष्य राष्ट्र सेवा होनी चाहिए और देश सेवा की खातिर न धन की परवाह करनी चाहिए न जीवन की।ह्व राष्ट्र के प्रति लाला जी के इन्हीं वैचारिक मूल्यों ने उन्हें करोड़ों देशवासियों के हृदय में पूज्य बना दिया। लाला जी ने भारत भूमि की स्वतंत्रता के लिए सतत संघर्ष किया। भारत की स्वयत्ता के लिए धन एवं जीवन के मूल्य को कम समझा और वक्त आने पर उन्होंने अपने जीवन को भारतीय राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए उत्सर्ग कर दिया। लाला जी के राष्ट्रबोध का सिद्धांत उनका राष्ट्र के प्राचीन एवं गौरवशाली अतीत की प्रेरणा से प्रेरित है। लाला जी के राष्ट्रबोध में भारत भूमि के अतीत के गौरवशाली सिद्धान्तों का स्मरण रहता था। पी. एन. कृपाल ने लाला जी के राष्ट्रबोध के सिद्धांत को सही कहा था "लाला जी का आदर्श भारतीय राष्ट्रवाद था, इसी आदर्श के लिए उन्होंने काम किया, कष्ट झेले और अंततः अपने जीवन का बलिदान का दिया। वे राष्ट्र के काम में एक कार्यकर्त्ता ही नही थे वरन उन्होंने राष्ट्रवादी भावना पर ही अपनी छाप छोड़ दी और उसे नया अर्थ दिया।" लाला जी का जीवन आदर्श ही राष्ट्रबोध था, लाला जी ने भारतीय राष्ट्रवाद के लिए कार्य किया, उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संस्कृति के विचारों को हमेशा स्थान दिया। लाला जी ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर "भारत में राष्ट्रीय शिक्षा की समस्या" नामक एक वृहद पुस्तक की रचना की। लाला जी शिक्षा व्यवस्था पर विचार व्यक्त करने से पहले जापान और ब्रिटेन की शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन किया था। लाला जी का कहना था कि "हमारी सन्तानों को उस समाज के मध्य भली प्रकार शिक्षित किया जाना चाहिए जिसका कि भविष्य में उनको क्रियाशील सदस्य बनना है।"

लाला जी के राष्ट्रबोध में स्वदेशी को स्थान प्राप्त था, लाला जी राष्ट्रवाद में स्वदेशी की विचारधारा के हिमायती थे। लाला जी ने स्वदेशी आंदोलन और उसके महत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि मैं स्वदेशी को अपने देश के लिए उद्धारक समझता हूँ, स्वदेशी आंदोलन को हमें आत्मभिमानी, आत्मविश्वासी, स्वावलंबी और त्यागी बनाना चाहिए। स्वदेशी ही हमें जाति, धर्म के बंधनों से मुक्ति दिला सकती है। मेरी दृष्टि में स्वदेशी संयुक्त भारत का धर्म होनी चाहिए। लाला लाजपत राय ने राष्ट्रवाद के विकास के लिए स्वदेशी को महत्वपूर्ण विचार समझा जो जाति धर्म के बंधनों से मुक्त थी, जो आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत और अर्थ सम्पन्न भारत का मूल थी। राष्ट्र की एकता, सम्पन्नता और आत्मनिर्भरता के लिए लाला जी ने स्वदेशी को अपने राष्ट्र का मूल माना था। लाला जी ने स्वदेशी को मजबूत करने के लिए पंजाब में इंडियन बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

लाला जी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, उन्होंने भारत के साथ-साथ विदेशों में भारतीय विचारधारा का बोध कराने के लिए अनेक संगठनों की स्थापना की जिससे भारतीय विचारधारा को विश्व पटल पर स्थापित किया जा सके। अमेरिका में इंडियन होम रूल लीग तथा इंडियन इन्फॉर्मेशन ब्यूरो नमक संस्था की स्थापना की, साथ-साथ उन्होंने अमेरिका में ही इंडियन लेबर एसोसिएशन की स्थापना की। अमेरिका में प्रवास के दौरान ह्ययंग इंडियाह्व, ह्यइंग्लैंडस डैट टू इंडियाह्व नामक पुस्तक लिखी। अंततः भारतीय राष्ट्र की सेवा करते हुए 17 नवम्बर 1928 को महान आत्मा ने अपने पार्थिव शरीर को त्याग दिया। लाला जी की मृत्यु से शोक संतप्त महात्मा गांधी जी ने ठीक ही कहा था कि ह्ललाला लाजपत राय मर चुके हैं, लाला जी अमर रहें, लाला जी जैसे व्यक्तित्व तब तक नहीं मर सकते जब तक कि भारतीय आकाश में सूर्य चमक रहा है, लाला जी का अर्थ एक संस्था है। अपने यौवन काल से ही उन्होंने देश सेवा को अपना धर्म बना लिया, उनकी देश भक्ति में किसी भी प्रकार की संकीर्णता नहीं थी, उन्होंने ने अपने देश से प्यार किया क्योंकि उनका सम्पूर्ण विश्व से प्यार था, उनका राष्ट्रवाद वस्तुतः अन्तर्राष्ट्रीयतावाद था।ह्व माँ भारती के ऐसे सच्चे सेवक को शत शत नमन। राष्ट्र आपकी सेवा के लिए सदा ऋणी रहेगा।

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

# सर्वांगीण शिक्षा ,ज्ञान और संघर्ष जीवन में ऊंचाइयां देते हैं

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निदेशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है।

## शीतलहर

मौसम का बदला सा मिजाज,
नहीं समझ रहा मनुष्य प्रकृति का राज,
पहले कोरोना ने किया था बुरा हाल,
शीत लहर से मानव हुआ बदहाल,
पहले टपका गरीब की झोपड़ी से पानी,
फिर तपती गर्मी ने पहुंचाई हानि,
प्राणी मात्र पर ढा रही ठंड कहर,
मानव को प्रभावित कर रही शीतलहर।
निर्धनों के तन पर नहीं कपड़े गर्म,
नहीं रुख अपनाया मौसम ने नरम,
ठंड से दुबक कर बैठे बच्चे,
कैसे करें ठंड को सहन तन के कच्चे,
ठंड ने छीना कइयों का रोजगार,
बंद हो गया अब मिलना उधार,
गरीबी के इस दौर में मन जाता दहल,
मानव को प्रभावित कर रही शीतलहर।

कोई जलाकर आग कर रहा सामना,
सूर्य देव के आने की करे कोई कामना,
कई दिन बीत गए दर्शन हुए दुर्लभ,
कब होंगे गर्माहट के दिन अब सुलभ,
बच्चों की पढ़ाई का भी हो रहा नुकसान,
घर से नहीं निकलता गलियां सुनसान,
हर कोई ईश्वर से मांग रहा मेहर,
मानव को प्रभावित कर रही शीतलहर।

पक्षियों की चहचहाहट हुई अब कम,
लगता अब जिंदगी गई थम,
होगा नुकसान अगर नहीं हुआ सजग,
नहीं संभला तो होगा अलग-थलग,
प्रकृति के सम्मान में हो जागरूक,
समय है अभी मौका न जाए चूक,
संभलेंगे तो नहीं पीना पड़ेगा जहर,
मानव को प्रभावित कर रही शीतलहर।



**- डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।**

# अशासकीय विद्यालय आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का, अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें : डीपीसी

### डीपीसी दूरभाष के माध्यम से अशासकीय शिक्षण संस्थाओं की बैठक में दिए निर्देश





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भितरवार। विकासखंड के सभी अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के प्रमुख/ संचालक की बैठक बुधवार को बीआरसीसी सभाकक्ष में ली। बैठक में डीपीसी रविन्द्र सिंह तोमर ने दूरभाष से जुड़ कर बैठक में उपस्थित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के लिए यूडाइज महत्वपूर्ण है सभी संस्थाए अपनी अपनी संस्था की संपूर्ण जानकारी यूडाइज पर दर्ज करें यूडाइज पोर्टल पर बच्चों की प्रोफाइल भरें।आरटीई प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है इसके लिए आप लोग अपने आसपास इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर बच्चों को आरटीई का लाभ दिलाए ,गत वर्ष की पांचवीं आठवीं अंकसूची फीस, सत्र 23-24 की पांचवीं आठवीं परीक्षा की तैयारी के संबंध में बताया कि बच्चों का पोर्टल पर बच्चों का सत्यापन और संशोधन कार्य समय सीमा में पूरा करें आदि से संबंधित विषयों पर विचार- विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिये गये।बैठक में बीआरसीसी नरहरि मिश्रा , बीएसी महाराज सिंह मौर्य, सीएसी शिवकुमार लक्ष्यकार, संतोष साहू ने मान्यता प्रभारी और अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के संचालक/ प्रमुख मौजूद थे।बैठक में बीआरसीसी नरहरि मिश्रा ने बैठक में निर्देश दिये कि मैपिंग अपडेशन,रजिस्ट्रेशन, शत प्रतिशत पूर्ण कराएं किसी भी अशासकीय संस्थाओं को तकनीकी रूप से कोई समस्या हो तो कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता हैं 5,8 कक्षाओं की परीक्षा संबंधी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करें बच्चों का सत्यापन और संशोधन प्रक्रिया जारी है आरटीई के प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है इसलिए इसकी समय सारिणी जारी की जा चुकी है उसके हिसाब से कार्य पूर्ण कराएं और बीपीएल वंचित समूहों के बच्चों को निशुल्क प्रवेश प्रक्रिया में शामिल कराएं।उन्होंने निर्देश दिए कि 3 साल से कम समय में यूनिफार्म में बदलाव ना करें और अगर बदलाव करना ज़रूरी हो तो पहले बच्चों के परिजनों से मिलकर सहमति बनाई जाए ताकि उनपर किसी तरह का आर्थिक बोझ ना आए. स्कूल यूनिफार्म और किताबें कोर्स खरीदने के लिए बच्चों के पास विकल्प उपलब्ध होने चाहिए और उन्हें किसी स्कूल द्वारा निर्धारित दुकान से शिक्षण सामग्री खरीदने के लिए मजबूर न किया जाए उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा में प्राथमिकता बरतें और स्कूल वाहन की फिटनेस, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र और अटेंडर जैसे सभी बुनियादी मापदंडों को पूरा किया जाना अनिवार्य है. इसी के साथ अगर स्कूल परिसर में खुले हुए कुएं, बावड़ी हैं तो उन्हें फेंसिंग के जरिए बंद किया जाए. बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।बैठक में अनेक अशासकीय विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक और संचालक उपस्थित थे

# चोरी गई बाइक मिलने और राकेश ने किया कोतवाली पुलिस का आभार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** बसपा सेक्टर अध्यक्ष राकेश जाटव ग्राम सेमरी थाना सिरसौद की जिला न्यायालय शिवपुरी में अपनी पेशी करने के लिए अपनी मोटरसाइकिल डीलक्स रजिस्ट्रेशन क्रमांक स्क्क33 स्त्र 7603 को न्यायालय के सामने शाम 4ः00 बजे के लगभग मोटरसाइकिल रखकर गया था तारीख पेशी करने के बाद 5ः30 बजे लगभग वापस आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिली तब राकेश जाटव ने बसपा जिला अध्यक्ष श्री चौधरी से मोटरसाइकिल चोरी होने की बात कही तब बसपा जिला अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक महोदय श्री भदौरिया जी से बातचीत की तब पुलिस कप्तान के आदेश पर पुलिस कोतवाली थाना प्रभारी श्री विनय यादव ने न्यायालय के सामने सीसीटीवी फुटेज कैमरा पुलिस कंट्रोल रूम में प्रधान आरक्षक नरेश यादव एवं अन्य साथी को भेजा गया तब पुलिस कंट्रोल रूम में न्यायालय के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरा देखे गए तब मोटरसाइकिल चोर उठाते हुए कमरे में कैद हो गया तब थाना प्रभारी श्री बिनय यादव जी ने चोरी हुई मोटरसाइकिल डीलक्स की खोजबीन करने हेतु टीम गठित की गई तब पुलिस की सतर्कता से निगरानी कर मोटरसाइकिल चोर की जगह जगह सर्चिंग कर बड़ी शक्ति से की गई तब मोटरसाइकिल चोर मानपुर को पकड़ लिया गया एक मोटरसाइकिल के बदले 23 मोटरसाइकिलें गरीब मजदूरों की उक्त चोर से बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की जिस पर से थाना प्रभारी विनय यादव जी एवं समस्त पुलिस स्टाप से मुलाकात करते हुए बड़ी प्रशंसा की तब बसपा जिला अध्यक्ष एवं फरियादी राकेश जाटव ग्राम सेमरी ने आज दिनांक 31/01/2024 को पुलिस थाना कोतवाली जाकर थाना प्रभारी श्री बिनय यादव जी ,एस आई सुमित शर्मा जी ,प्रधान आरक्षक नरेश यादव, प्रधान आरक्षक रघुवीर बघेल, प्रधान आरक्षक अमृतलाल, आरक्षक भूपेंद्र यादव,आरक्षक राहुल, आरक्षक अजीत, आरक्षक भोला सिंह, आरक्षक देवेंद्र रावत, आरक्षण अजय यादव, आरक्षक शिवांशु, आरक्षक राम जी पाराशर के पूरी कोतवाली टीम को फूलमाला शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का दौरा कार्यक्रम



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 3 फरवरी को शिवपुरी जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर से प्रस्थान कर 3 फरवरी को अपरान्ह 3.30 बजे स्थानीय पोलोग्राउण्ड शिवपुरी में आयोजित सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपरान्ह 5 बजे पुराना अनाज मण्डी स्थित हितग्राही सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद कोठी नम्बर 1 स्थित चिंतामणि मंदिर पर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# शा.हायर सेकेण्डरी अथवा सीएम राईज स्कूल नरवर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

### छात्र-छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी विषय पर जिला न्यायाधीश ने दी जानकारी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शासकीय हायर सेकेण्डरी अथवा सीएम राईज स्कूल नरवर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की कार्ययोजना अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में तथा जिला न्यायाधीश/सचिव अर्चना सिंह की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अर्चना सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी, चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज एवं वायलेंस अगेंस्ट चिल्ड्रन विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग करें तो इस बात का ध्यान रखें कि फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें एवं अनजान व्यक्ति को अपने पर्सनल फोटोग्राफ्स न भेजे यदि कोई व्यक्ति फोटो या पर्सनल जानकारी वायरल करने की धमकी देता है तो इससे घवराये नहीं इसकी जानकारी अपने माता पिता, सायबर सेल को दे एवं 222.श्ह्ल्द पर शिकायत दर्ज करने की ऑनलाईन प्रक्रिया बतायी एवं फाईनेसियर फ्राड होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर शिकायत दर्ज करने संबंधी जानकारी दी। इसके साथ ही उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि टू व्हीलर गाडी चलाते समय हमें हेलमेट जरूर लगाना चाहिए एवं बाईक पर दो से अधिक व्यक्ति नहीं बैठना चाहिए।जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार च?ार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान में उपबंधित मूल अधिकार, मूल कर्तव्य आदि के साथ-साथ जबलपुर की बेवसाईट 222.पर जाकर समाधान कॉलम पर क्लिक कर अपना आवेदन दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य धनीराम कुशवाह ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नरेन्द्र कुमार शर्मा, इकबाल अली, प्रदीप भार्गव सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि



समझौता समाधान योजना अंतर्गत रखे जाने वाले मामलों के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि राजस्व, विद्युत, वन, नगरपालिका, न्यायालयीन मामले जो कि राजीनामा की प्रकृति के है समझौता समाधान अंतर्गत मामलों का निराकरण करा सकते हैं। साथ ही बताया कि मामलों के निराकरण के लिए पक्षकार नालसा के टोल फ्री नम्बर 15100 एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पत्रकार संतोष कुमार शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक एन.डी. दीक्षित ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक, प्रदीप उपाध्याय, सुनील श्रीवास्तव, बीरेन्द्र भोज, राकेश शाक्य, हरिशंकर जाटव, योगिता रावत, सूरज माहौर, ममता देवी, अनिल शर्मा, मनोज भार्गव, मानसिंह सगर, उषा पांडेय, मनोज श्रीवास्तव, कमलकिशोर शर्मा, प्रतिभा शुक्ला, बच्चे कैसे अपराधिक तत्वों के हाथ शिकार होते हैं एवं सामाजिक लोक लाज अथवा शिक्षा एवं धन के अभाव में न्याय प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं इस पस्थिति में आम व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कैसे सहायता ले सकता है इस विषय पर पैरालीगल वालेंटियर कपिल धाकड़, कुमारी रीता बाथम, देवेन्द्रे कुशवाह द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गयी।

# जिला परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने ली ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

**सारंगढ़।**आज दिनांक 30 /01/2024 को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत सारंगढ के सभा कक्ष में परियोजना निदेशक द्वारा जिला ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा किया गया जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17से 2023तक के अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने तकनीकी सहायक वार लक्ष्य दिया गया है ।अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ करने तकनीकी सहायक वार लक्ष्य दिया गया है।आवास प्लस के हितग्राहियो का ग्राम सभा अनुसार पात्र अपात्र की जानकारी कारण सहित समीक्षा



किया गया जिन ग्राम पंचायतों से ग्राम सभा कार्यवाही प्रस्ताव नही आया है उसे जल्द मांगने का निर्देश दिया गया।अगले सप्ताह से जिन जिन तकनीकी सहायक का आवास पूर्णता कम रहेगा उनको प्रति ब्लॉक से 2- 2को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया।अनुपस्थित तकनीकी सहायको को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। आवास स्वीकृति के नाम से या ि?स्त जारी करने के नाम से किसी ब्यक्ति द्वारा हितग्राहियो से राशि मांग बर्दास्त नही की जाएगी।अंतर्गत स।त्न को त्रस्न्न, ष्ट्रस्न्न ,समूह निर्माण ,समूह द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा किया गया।स्वच्छा भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यकिगत,सामुदायिक ,शौचालयनिर्माण एंट्री,आदि की समीक्षा किया गया।मनरेगा अंतर्गत सभी बिन्दुयो पर विस्तृत समीक्षा किया गया

### वेंटीलेटर पर चल रही कांग्रेस बहुत जल्दी देश के राजनीतिक नक्शे से होगी विलुप्त - मुख्यमंत्री साय

# छत्तीसगड़ के विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का ही सबसे बड़ा योगदान – बृजमोहन अग्रवाल

### केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने का कार्यकर्ता संकल्प

### रायपुर, दुर्ग एवं महासमुंद में भाजपा ने किया केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**रायपुर** - छत्तीसगड़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आज कांग्रेस पार्टी डूबती हुई नाव है। अब तो वह वेंटीलेटर पर चल रही है। बहुत जल्दी यह देश के राजनीतिक नक्शे से विलुप्त होने वाली है। श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटों पर शानदार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। श्री साय मंगलवार को राजधानी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगड़ विधानसभा में 54 सीटों और 46 प्रतिशत मत के साथ भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने अनथक परिश्रम किया और मतदाताओं ने ÷मोदी की गारंटी÷ पर भरोसा जताया है। रायपुर लोकसभा सीट पर भाजपा की 8 बार की जीत ने इस लोकसभा क्षेत्र को भाजपा का अभेद्य गड़ बना दिया है। पिछली बार की तुलना में आगामी लोकसभा चुनाव में रायपुर की सीट हम 5 लाख से ज्यादा मतों से जिताने के लिए हम सब संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कोई राजनीतिक दल और नेता मुकाबले में नहीं है। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने विकास और जनकल्याण के अनेक कार्य तो किए ही हैं, साथ ही धारा 370 हटाने, तीन तलाक पर रोक लगाने, अयोध्या में प्रभु श्री रामलला का भव्य मंदिर बनाने के वैचारिक पृष्ठभूमि के ऐतिहासिक और क्रांतिकारी फैसले भी लिए हैं। आज विश्व मंच पर श्री मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं की सूची में अव्वल हैं। यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का ध्येय वाक्य ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। आज देशभर में भाजपा की राजनीतिक स्वीकार्यता बड़ी है। देश भाजपा और प्रधानमंत्री श्री मोदी पर विश्वास कर रहा है। भाजपा विरोधी दलों के जाति, धर्म, पंथ के विध्वंसकारी और विभाजनकारी आग्रहों को तोड़कर देश का जनमानस भाजपा की सरकार चुन रहा है। ऐसा स्वर्णिम अवसर आज भाजपा के लिए देशभर में उपस्थित है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगड़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर प्रदेश की जनता ने भारी विश्वास जताया है तो अब तो लोकसभा चुनाव स्वयं श्री मोदी को फिर से प्रधानमंत्री पद के लिए चुनने का है। इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ताओं को जन-जन तक पहुँचकर केंद्र सरकार की उपलब्धियाँ और प्रदेश की डेड़ माह की भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना है। श्री साय ने प्रदेश में डेड़ माह की अपनी सरकार के कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भाजपा के संकल्पों और ÷मोदी की गारंटी÷ पर तेजी से काम कर रही है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के निर्माण की स्वीकृति, पीएससी घोटाले की जाँच सीबीआई को सौंपने जैसे फैसलों पर अमल किया गया है। इस बार धान की बम्पर खरीदी हो रही है और 1.30 लाख मीटरिक टन धान खरीदी के अनुमान के मुकाबले इस वर्ष अब 1.34 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हो चुकी ही और अभी 1.50 लाख मीटरिक टन से अधिक धान खरीदी का अनुमान है। महतारी वंदन योजना के लिए भी राशि का प्रावधान हो चुका है और बहुत जल्दी प्रदेश की विवाहित महिलाओं को इसका लाभ मिलना शुरू होगा। गरीब परिवार की महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर भी मिलना शुरू हो जाएगा। श्री साय ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार अपने सारे वादे पूरा करेगी और अब भाजपा कार्यकर्ता सीना ठोककर जनता के बीच जाएँ और भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करें।प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में के. बी. पटेल महाविद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

एमसीबी/चिरिमिरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विवेकानंद शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें के. बी. पटेल




महाविद्यालय के छात्र अध्यापक प्रिंस कुमार जायसवाल, प्रिया स्नेहा सिंह,सौरभ कुमार वर्मा, सिया विश्वकर्मा,रूपा सुर और आंचल साहू,और श्रेया दुबे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया !के,बी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कालेज चिरिमिरी से शिया विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान रंगोली प्रतियोगिता मे, प्रिया ने द्वितीय स्थान क्विज प्रतियोगिता में प्राप्त किया। साथ ही साथ महाविद्यालय के अन्य छात्रों ने ग्राम -सरभोका में मतदाता जागरूकता रैली व सर्वे का कार्य महाविद्यालय प्राचार्य, आई. क्यू. ए. सी.एवं रा. से. यों. के कार्यक्रम अधिकारी के संरक्षण में किया गया।

# यूएन राहत एजेंसी स्टाफ ने इजराइल पर हमले में हमास की मदद की, कई देशों ने आर्थिक मदद रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका समेत कई देशों ने फिलिस्तीन में शरणार्थियों के लिए काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य अभिकरण (यूएनआरडब्ल्यूए) की फंडिंग (वित्तीय सहायता) रोक दी है। दरअसल इजराइल ने दावा किया है कि देश में पिछले साल सात अक्तूबर को किए गए हमले में संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी के 12 कर्मचारियों ने फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की मदद की।



द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जर्मनी, ब्रिटेन और कम से कम चार अन्य देशों ने शनिवार को कहा कि वे गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए भोजन, पानी और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाली संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी के लिए वित्त पोषण को निलंबित कर रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी ऐसी घोषणा की थी।

इस रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के आरोप लगाने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने यूएनआरडब्ल्यूए के इन 12 कर्मचारियों को निकाल जरूर दिया है पर उनका विवरण सार्वजनिक नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इजराइल के आरोपों को "बेहद गंभीर और भयानक" बताया है।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य अभिकरण का गठन 1948 में किया गया था। इजराइल के ताजा आरोपों के बाद इस एजेंसी की आर्थिक सहायता रोकने की घोषणा अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, स्विटजरलैंड, फिनलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और इटली ने की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इन आरोपों से बेहद परेशान है कि एजेंसी के 12 कर्मचारी सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास आतंकवादी हमले में शामिल हो सकते हैं।

# शिकागो में दो छात्रों की गोली मारकर हत्या

**शिकागो।** शिकागो में शुक्रवार दोपहर दो छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात द लूप में नॉर्थ वाबाश एवेन्यू के पहले ब्लॉक में इनोवेशन हाईस्कूल के बाहर हुई।

शिकागो सन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, नकाबपोश बंदूकधारियों ने शिकागो पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों रॉबर्ट बोस्टन (16) और मोंटेरियो विलियम्स (17) को दोपहर करीब 12:25 बजे गोलियों से भून दिया। नकाबपोश हमलावर गहरे रंग की सेडान और एक एसयूवी से पहुंचे और गोलीबारी कर भाग गए। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी पुष्टि पुलिस और कुक काउंटी मेडिकल परीक्षक के



कार्यालय ने की है। उप पुलिस प्रमुख जॉन हेन ने कहा कि हमलावरों ने छह छात्रों को निशाना बनाया। इनमें से दो की मौत हो गई।

# नेपाल के वामपंथी दलों को एकजुट करने के लिए फिर सक्रिय हुआ चीन

**काठमांडू।** नेपाल के वामपंथी दलों को एकजुट करने के लिए चीन फिर सक्रिय हो गया है। चीन के सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं का लगातार हो रहा नेपाल दौरा इसी बात की तरफ संकेत दे रहा है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के विदेश मामलों की उप मंत्री नेपाल के वामपंथी दलों के नेताओं के साथ लगातार बैठकें कर रही हैं और उन्हें चीन के राष्ट्रपति का संदेश दे रही हैं। 26 जनवरी को काठमांडू पहुंचे चीन के विदेश विभाग के दक्षिण एशियाई देशों के प्रभारी सुन हायान ने वामपंथी नेताओं के साथ शुक्रवार और शनिवार को कई बैठकें कीं।





चीन के राष्ट्रपति का विशेष संदेश लेकर नेपाल पहुंचे चीनी प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार सुबह प्रधानमंत्री एवं नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' से मुलाकात की। इस मुलाकात के फौरन बाद चीनी प्रतिमंडल प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मिलने उनके पार्टी दफ्तर पहुंचा। दोनों मुलाकात के बाद जो आधिकारिक प्रतिक्रिया दी गई उससे संकेत मिलते हैं कि चीन नेपाल के वामपंथी दलों को एक करने के लिए फिर सक्रिय हो गया है। प्रचंड से मुलाकात के क्रम में वहां मौजूद रहे उनके विदेश मामलों के सलाहकार रूपक सापकोटा ने कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और नेकपा (माओवादी) के बीच संबंधों को लेकर चर्चा हुई।

पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात के क्रम में मौजूद रहे नेकपा (एमाले) के विदेश मामलों के प्रमुख डॉ. राजन भट्टराई ने बताया कि नेपाल में पश्चिमी देशों के बढ़ते प्रभाव को लेकर चीन ने चिंता जताई है। बीआरआई प्रोजेक्ट के आगे नहीं बढ़ने पर भी चीन ने अपनी चिंताओं से अवगत कराया। भट्टराई से जब यह पूछा गया कि क्या वामपंथी दलों को एक करने को लेकर कोई बात हुई है इस पर उन्होंने सीधे तो जवाब नहीं दिया, लेकिन इतना जरूर कहा कि चीन नेपाल में सभी वामपंथी दलों को मजबूती के साथ सत्तारूढ़ देखना चाहता है। यह ओपन सेक्रेट है।

इन दोनों के अलावा चीनी प्रतिनिधिमंडल की योजना अन्य छोटे वामपंथी दलों के नेताओं से भी मुलाकात करने की है। ओली की पार्टी से अलग हुए पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल से मिलकर चीनी प्रतिनिधिमंडल ने चीन और नेपाल के रिश्ते और मजबूत बनाने की बात कही। जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव से भी चीनी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

# ट्रंप को मानहानि केस में मात, जीन कैरोल को 83.3 मिलियन डॉलर देने का आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार मानहानि केस में शुक्रवार को लेखिका ई जीन कैरोल से मात खा गए। मैनहट्टन जूरी ने उन्हें लेखिका कैरोल को 83.3 मिलियन डॉलर देने का आदेश दिया है। ट्रंप ने जूरी के फैसले का खिलाफ विरोध करते हुए कहा कि इसके खिलाफ अपील करेंगे। इस केस पर द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को अंतिम बहस के दौरान अदालत कक्ष से उठकर बाहर चले गए। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, मैनहट्टन जूरी ने लेखिका ई. जीन कैरोल को 2019 में बदनाम करने के लिए 83.3 मिलियन डॉलर का भुगतान



करने का आदेश दिया। कैरोल ने ट्रंप पर बलात्कार का आरोप लगाया था। इसके बाद ट्रंप ने कैरोल पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये हमले जारी रखे। जूरी ने लगभग तीन घंटे तक विचार-विमर्श करने के बाद आदेश में कहा कि ट्रम्प ने दुर्भावना से काम किया। कुछ दिन पहले ट्रंप ने एक दिन में अपनी ट्रुथ सोशल वेबसाइट पर कैरोल के बारे में 40 से अधिक उपहासपूर्ण पोस्ट किए।

न्यायाधीश लुईस ए कपलान ने शाम करीब 4:30 बजे फैसला सुनाया। इसके बाद अदालत कक्ष में सन्नाटा छा गया। जैसे ही आदेश पढ़ा गया ट्रंप के वकील अपनी सीटों पर गिर पड़े। इसके बाद जूरी को बर्खास्त कर दिया गया और 80 वर्षीय कैरोल ने अपने वकीलों को गले लगा लिया। कुछ मिनट बाद, वह अपनी कानूनी टीम के साथ हाथ में हाथ डाले अदालत से बाहर निकलीं और कैमरों की ओर देखकर मुस्कुराईं।

# मध्य गाजा में हवाई हमलों में 15 लोग मारे गये, मृतकों की संख्या 26 हजार के पार

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शहरी शरणार्थी शिविर पर रातभर किये गये इजराइली हवाई हमलों में पांच महीने के एक बच्चे समेत 15 लोगों की मौत हो गई। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से मृतकों की संख्या 26,000 से अधिक हो गई है।

दक्षिणी गाजा में, इजराइली सेना खान यूनिस शहर में आगे बढ़ गई। इजराइली सेना ने शुक्रवार को तीन पड़ोसी क्षेत्रों और खान यूनिस शरणार्थी शिविर को खाली करने का आदेश दिया। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा में संघर्ष विराम का तत्काल आदेश देने से इनकार कर दिया लेकिन इजराइल से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रयास करने को कहा। मामला दाखिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से इजराइल को अपना सैन्य अभियान रोकने का आदेश देने का आग्रह किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उस मामले को खारिज नहीं करेगी जिसमें इजराइल पर गाजा में नरसंहार का आरोप लगाया गया है।

अदालत ने इजराइल की उस अपील को भी खारिज कर दिया, जिसमें नरसंहार के आरोपों को खारिज किये जाने का अनुरोध किया गया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से मारे गए फलस्तीनी लोगों की संख्या 26,083 हो गई है, जबकि 64,487 फलस्तीनी घायल हुए हैं। मंत्रालय ने मृतकों की संख्या में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर नहीं किया ह। हमास आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किये जाने के बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पर बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी हमले किये थे जिनमें लगभग 1,200 लोग मारे गये थे।

# इजराइल की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखूंगा: नेतन्याहू

**द हेग।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल अपनी रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगा। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आइसीजे) ने इजरायल को गाजा में फलस्तीनी आमजनों को सुरक्षित रखने और उन्हें पर्याप्त राहत सामग्री की आपूर्ति करने का आदेश दिया है। नेतन्याहू का यह बयान संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत के उस फैसले के बाद आया है जिसमें गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध की



कड़ी आलोचना की गई है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा में संघर्ष विराम का तत्काल आदेश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, लेकिन इजराइल से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रयास करने को कहा। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने गाजा में संघर्ष विराम का तत्काल आदेश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, लेकिन इजराइल से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रयास करने को कहा। मामला दायर करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से इजराइल को अपना सैन्य अभियान रोकने का आदेश देने का आग्रह किया था। नेतन्याहू ने नरसंहार के दावों को अस्वीकार्य बताते हुए खारिज कर दिया और युद्ध को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

# इराक, अमेरिका ने अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन का मिशन खत्म करने के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू किया

**बगदाद।** इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के मिशन को खत्म करने पर चर्चा के लिए बातचीत का पहला दौर शनिवार को शुरू हुआ। यह बात इराकी सरकार ने कही।

इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि अल-सूदानी ने अधिक विवरण दिए बिना वार्ता के पहले दौर की शुरूआत को प्रायोजित किया, जबकि एक तस्वीर प्रकाशित की जिसमें अल-सूदानी एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिखाई दे रहे



हैं, जिसमें इराकी सैन्य अधिकारी और अमेरिकी अधिकारी वरिष्ठ शामिल थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को इराक ने कहा कि वह इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के मिशन के अंत पर चर्चा करने के लिए उच्च सैन्य आयोग बनाने के लिए अमेरिका के साथ सहमत है।

इराक ने नोट किया कि आयोग इस्लामिक स्टेट द्वारा उत्पन्न खतरे का आकलन करेगा और इराकी सुरक्षा बलों की क्षमताओं का मूल्यांकन करेगा, ताकि इराक में अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन सलाहकारों की क्रमिक कमी और गठबंधन के सैन्य मिशन की समाप्ति के लिए एक स्पष्ट समय सारिणी तैयार की जा सके।

# ईरान में वाहन मरम्मत की दुकान पर हमले में कम से कम 9 पाकिस्तानी मारे गए

**इस्लामाबाद।** ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के सरवन शहर के सिरकान इलाके में एक वाहन मरम्मत की दुकान पर हुए हमले में कम से कम नौ पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक ईरानी समाचार आउटलेट और पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है।

द कुरासन डायरी की रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए लोग मुल्तान, मुजफ्फरगढ़ और बहावलपुर सहित जिलों से थे।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, हमले के लिए जिम्मेदार सशस्त्र हमलावर कौन थे, अभी तक यह पता नहीं चला है।

ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुहम्मद मुदस्सिर टीपू ने इस दुखद घटना की पुष्टि की और ईरान से मामले में पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए एक बयान में राजदूत टीपू ने हत्याओं पर गहरा दुख जताया और आश?वासन दिया कि दूतावास शोक संतप्त परिवारों की मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जाहिदान का एक काउंसलर घटनास्थल और अस्पताल के रास्ते में है, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला पाकिस्तान और ईरान के बीच हाल ही में कई घटनाओं के कारण पैदा हुए तनाव के बीच हुआ है।

# घोटाले से प्रभावित कंपनी में डेविड कैमरन की गतिविधियां धोखाधड़ी की जांच में 'रुचि का विषय' हैं

**लंदन।** पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री और निवर्तमान विदेश सचिव डेविड कैमरन की घोटाले से प्रभावित ग्रीनसिल कैपिटल फाइनेंस कंपनी में गतिविधियां सीरियस फ्रॉड ऑफिस की व्यापक जांच में "रुचि का विषय" हैं। यह बात मीडिया रिपोर्ट में कही गई।

द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, यूके में धोखाधड़ी, रिश?वतखोरी, भ्रष्टाचार की जांच करने और मुकदमा चलाने वाले एसएफओ ने विदेश सचिव की अब बंद हो चुकी कंपनी के साथ भागीदारी के बारे में सवाल उठाया है। लंबे समय से चल रही एसएफओ जांच में गवाहों के साथ संवेदनशील साक्षात्कारों में कैमरून की गतिविधियों पर चर्चा



की गई है।

कैमरून के एक प्रवक्ता ने जांच और ग्रीनसिल के साथ उनकी भागीदारी के बारे में विशिष्ट सवालों के जवाब देने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि विदेश सचिव का एसएफओ के साथ व्यक्तिगत रूप से "कोई संपर्क" नहीं था।

ग्रीनसिल में काम करने वाले वरिष्ठ लोगों से गुप्ता फैमिली ग्रुप एलायंस (जीएफजी) स्टील, ऊर्जा और कमोडिटी साम्राज्य के भीतर कंपनियों में "संदिग्ध धोखाधड़ी, धोखाधड़ी व्यापार और मनी लॉन्ड्रिंग" की एसएफओ की व्यापक जांच के हिस्से के रूप में पूछताछ की गई है। जांच की घोषणा 2021 में की गई थी।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, स्टील टाइकून संजीव गुप्ता के स्वामित्व वाली जीएफजी ने लगातार किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

ग्रीनसिल गुप्ता द्वारा स्थापित ऊर्जा, इस्पात और कमोडिटी परिसंपत्तियों के ढीले औद्योगिक समूह का मुख्य वित्तीय समर्थक था।

निवेशकों के लिए ग्रीनसिल को बढ़ावा देने में कैमरन की भूमिका और जीएफजी के साथ उनके जुड़ाव और प्रचार पर गवाहों से पूछताछ की गई है।



कुछ ऐसी चीजें जो हमारे जीवन में इस तरह से घुल-मिल गई है कि पता ही नहीं चलता कि उसका नाता भारत से नहीं है। कुछ ऐसी चीजें जो हमारे जीवन में इस तरह से घुल-मिल गई है कि पता ही नहीं चलता कि उसका नाता भारत से नहीं है। क्या तुम्हें पता है कि समोसे जैसी फेमस चीज जो तुम अक्सर खाया करते हो उसका ऑरिजिन भारत नहीं है। ऐसी ही कुछ और चीजें जो देश में कहीं और से आईं लेकिन इस देश का हिस्सा बन गईं।

# भारत ऑरिजिन की नहीं है, देश का हिस्सा बनी ये चीजें

## समोसा

यह ट्रायंगल तो सारे बच्चों का प्यारा है या यूं कहें कि बड़ों के मुंह में भी इसको देखकर पानी आ जाता है। क्या तुम्हें पता है कि समोसा भारत की उपज नहीं है। प्राचीन काल में सेंट्रल एशिया के जिन रास्तों से व्यापार हुआ करता था वहां से होता हुआ यह भारत पहुंचा। दरअसल इस ट्रायंगल स्नैक्स को बनाना सबसे आसान होता है और रात को मुसाफिर जब रास्तों में हॉल्ट करते हुए आते थे तो समोसों को कैंपफायर के आस-पास भी तैयार कर लिया करते थे।


## आलू



सब्जियों का राजा माना जाने वाला आलू सब्जियों में बच्चों की पहली पसंद है। इसके बिना तो सब्जी या किसी स्नैक की कल्पना करना ही थोड़ा मुश्किल लगता है! लेकिन क्या तुम्हें पता है कि आलू मात्र चार सौ साल पहले ही हमारे देश में आया और यहां तक कि टमाटर का इस्तेमाल भी देश में पहली बार 19वीं शताब्दी में किया गया था।

## क्रिकेट

इंग्लैंड में जन्मा यह खेल आज भारत में गली-गली का खेला जाता है। यहां तक



कि आईसीसी की इनकम में भारत की कमाई की भागीदारी 70 से 80 प्रतिशत तक है। देश में क्रिकेट सबसे पॉपुलर खेलों में से एक है।

## राजमा



पंजाबी डिशेज की लिस्ट राजमा के बिना अधूरी मानी जाती है। बड़े चाव से राजमा, चावल खाने वालों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपने देश में नहीं बल्कि कोलोनियल अमेरिका में पैदा हुआ है। किडनी बीन्स यानी राजमा को 8000 साल पहले एकेडियन किसानों ने लुसियाना में उपजाया था।

## हैंड नीटिंग

सर्दियों के मौसम में अपने घरों में भी तुमने मम्मी या दादी, नानी को हाथों से बुनाई करते हुए देखा होगा। जो कई तरह के स्वेटर तुम्हारे लिए तैयार करती होंगी।



तुम्हें लगता होगा कि यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी देश में आगे बढ़ी होगी लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि हाथों से बुनाई का काम अपने देश की कला नहीं बल्कि इजिप्ट से यहां आया था।

## सिल्क



तुम्हारी मम्मी के पास भी सिल्क की साड़ियां जरूर होंगी? क्या तुम्हें पता है कि यह सिल्क हमारे देश की नहीं है, बल्कि कई सदियों पहले चीन के व्यापारी इसे यहां लाए थे। हमारे यहां मिलने वाले सिल्क वॉर्म वही पहले चाइनीज पेयर थे जिनसे सिल्कवॉर्म की संख्या बढ़ाई गई।

## पतंग



दो हजार साल पहले पतंगों को चीन में तैयार किया गया था। अब तो भारत में गांव के बच्चों के खेल का यह हिस्सा बन गया है तो शहरों में व्रत-त्योहार के मौके पर लोग रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं।

## चाय



सुबह की शुरुआत तुम्हारे घर में भी चाय की चुस्कियों के साथ होती होगी। लेकिन देश का मुख्य पेय चाय भी चीन से यहां पहुंचा है।



# कागज पर उतारो पत्तियां

आजकल वॉटर कलर डेकोरेशन और डिजाइन में इस्तेमाल हो रहा है लेकिन हम इस वॉटरकलर को पत्तियां बनाने के लिए प्रयोग करेंगे। इससे तैयार पत्तियां एक बेहतरीन आर्ट वर्क की तरह नजर आती हैं।

## किन चीजों की होगी जरूरत

- वॉटरकलर सेट
- विभिन्न प्रकार के वॉटर कलर ब्रशेस
- गार्डन से तोड़ी हुई अलग-अलग प्रकार की पत्तियां

## बनाओ कलर पैलेट

सबसे पहले तो अपना एक कलर पैलेट तैयार करो और उसकी टेस्टिंग पेपर के अलग-अलग टुकड़ों पर करो। जब तक तुमको अपना पसंदीदा शेड ना मिल जाए तब तक पैलेट तैयार करते रहो ताकि जब तुम पत्तियों को उससे ड्रॉ करो तो वो बिल्कुल असली नजर आएं।

## कौन-कौन से कलर

परमानेंट सैप ग्रीन, ग्रीन ब्लू शेड, रॉ एंबर, ब्लू ग्रीन, बर्न्ट सिएना। बाकी शेड अन्य कलर्स के मिक्सचर से तैयार किए जा सकते हैं।

डूडलिंग करना तो हर किसी को भाता है लेकिन क्या कभी सीरियस पेंटिंग के बारे सोचा है। अरे तुम्हें पेंटर बनाने की बात नहीं कर रहे, यदि तुम्हें भी रंगों से प्यार है और कुछ न कुछ बनाते रहना तुम्हारी हॉबी है तो क्यों ना कुछ क्रिएटिव किया जाए। आओ मिलकर वॉटर कलर के जरिए लीविंग लीव्स को कागज पर उतारें, सोच में पड़ गए! चलो इसे करके देखते हैं।

## इस तरह दो अपनी पत्तियों को आकार

- सबसे पहले लाइट स्केच तैयार करो और फिर इसे भीगे ब्रश से अंदर की ओर भरो। इससे तुम्हें कलर के फर्स्ट लेयर को फैलाने में मदद मिलेगी।
- तुमने ग्रीन का जो शेड तैयार किया है उसका सबसे हल्का शेड प्रयोग करो।
- पहली लेयर के सूख जाने के बाद दूसरी लेयर बनाओ जो सबसे हल्के शेड की हो। अब डार्क शेड की दूसरी लेयर लगाओ और उसे फिर सूखने दो।
- पेपर को थोड़ा तिरछा कर दो और पेंट को पेंट की हुई पत्ती के टिप तक पहुंचने दो। इसके सूख जाने के बाद ग्रीन की एक और लेयर इस पर लगाओ।
- वॉटर कलर में यह चीज स्पष्ट नजर आती है इसमें जितने लेयर्स में कलर लगाए जाते हैं इमेज उतनी ही क्लियर नजर आने लगती है।
- अपने ब्रश को पानी में डुबाकर उसे पत्ती के ऊपर फिराओ। जब यह हल्का गीला रहे तो उसके ऊपर रॉ एंबर कलर का हल्का शेड पत्ती के लाइट साइड पर लगाओ।
- कलर जब हल्के गीले हों तो अपने ब्रश पर बर्न्ट सिएना कलर को पत्ती के ऊपर टपकाओ। तुम देखोगे कि कलर्स एक-दूसरे पर चढ़े हुए नजर आएंगे।
- अब पत्ती के अलग-अलग हिस्से पर कलर टपकाओ।
- भीगे हुए पतले ब्रश से पत्ती पर वेन्स बनाओ और साथ ही पत्तियों की डिटेल उस पर ड्रॉ करो।
- ऐसा तुम कई पत्तियों के साथ कर सकते हो।



# कैसे बनते हैं स्नोफ्लैक्स?

**उन जगहों पर जहां चारों ओर बर्फ की चादर बिछी हो और हर तरफ सिर्फ एक ही रंग नजर आता हो..सफेद। इन्हें कहते हैं स्नोफ्लेक्स।**

उन जगहों पर जहां चारों ओर बर्फ की चादर बिछी हो और हर तरफ सिर्फ एक ही रंग नजर आता होसफेद। इस बीच कहीं-कहीं कुदरत की ऐसी कलाकारी नजर आती है कि उसे कैमरे में कैद किए बिना नहीं रहा जा सकता। ये हैं स्नोफ्लेक्स या बर्फ की पपड़ी। स्नोफ्लैक्स की सबसे अनोखी बात ये है कि इनमें से किसी का भी आकार एक-दूसरे से मेल नहीं खाता है। हरेक आकृति यूनिक होती है। इनको देखकर ऐसा जान पड़ता है कि किसी ने क्रिस्टल के जरिए सुंदर आकृति तैयार की है लेकिन ये तो प्रकृति की कारीगरी है। इनके यूनीक शेप के कारण ही दुनियाभर के फोटोग्राफर्स बेस्ट स्नोफ्लैक्स की तस्वीरें लेने की तैयारी में रहते हैं।

## कुदरत की कारीगरी

स्नोफ्लैक्स बनने की शुरुआत छोटे-छोटे डस्ट पार्टिकल्स या पॉलेन पार्टिकल्स के वॉटर वेपर के संपर्क में आने से होती है। ये वॉटर वेपर इन पार्टिकल्स के ऊपर इकट्ठी हो जाती हैं और जब ठंडे वातावरण में ये जमती हैं तो छोटे-छोटे आइस क्रिस्टल जैसे नजर आने लगते हैं। ये छोटे-छोटे क्रिस्टल सीड्स की तरह होते हैं जिनसे स्नोफ्लैक्स का जन्म होता है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि ये छोटे आइस क्रिस्टल नेचुरली अरेंज होकर हेक्सागोनल यानी सिक्स साइडेड स्ट्रक्चर बना लेते हैं। इस तरह के सिक्स साइडेड आइस क्रिस्टल ही 'स्नोफ्लैक्स'' कहलाते हैं। चूंकि स्नोफ्लैक्स के आस-पास की हवा से ये अधिक वजनदार होते हैं इसलिए कुछ समय में अपने-आप गिरना भी शुरू हो जाते हैं।

## हर स्नोफ्लै है डिफरेंट

यूं सारे स्नोफ्लैक्स हेक्सागॉनल होते हैं लेकिन इनकी जियोमैट्री अलग-अलग होती है। डिफरेंट टेम्परेचर और हृयूमिड कंडीशन से होकर जब स्नोफ्लैक्स नीचे गिरते हैं तो उनके शेप भी डिफरेंट हो जाते हैं। किसी में नुकीले आर्म्स निकले रहते हैं तो किसी में बहुत ही चौड़े। स्नोफ्लैक्स का निर्माण पृथ्वी पर काफी ऊंचाई पर होता है इसलिए जमीन पर इसका स्नो के रूप में नीचे गिरना हर बार हो ऐसा नहीं है। यह तभी हो सकता है जब हवा का टेम्परेचर फ्रीजिंग से कम हो।

## केक की टॉपिंग पर स्नोफ्लैक्स

स्नोफ्लैक्स के अलग-अलग मजेदार शेप्स के कारण कई पार्टीज का इसे हिस्सा बनाया जा रहा है, वो भी केक को सजाने के लिए। अब तो स्नोफ्लैक्स के शेप को आर्टिफिशियल रूप से तैयार किया जाने लगा है। लोग अपनी पसंद के अनुसार डिफरेंट शेप वाले स्नोफ्लैक्स से भरी बोटल खरीदते हैं और केक को और भी मजेदार ढंग से प्रेजेंट करते हैं।

# तीन सेर चावल

पुराने जमाने की बात है। किसी गांव में मोहन नाम का एक लड़का रहता था। वह बहुत शैतान था। हर दिन उसकी शिकायतें उसके माता-पिता को सुनने को मिलतीं।

पिता ने मोहन को विद्यालय भेज दिया, लेकिन उसकी शरारतों से शिक्षक भी बहुत दुखी हो गए। उस पर अपने शिक्षक की बातों का भी कोई असर नहीं होता था।

मोहन कई बार बच्चों की सीट के नीचे चींटियां छोड़ देता, जिससे वे ठीक से पढ़ न पाते। बच्चे उसके डर से उसकी शरारतों के बारे में अपने शिक्षकों से भी शिकायत न करते। एक दिन तंग आकर मास्टरजी ने उसे विद्यालय से निकाल दिया।

उस जमाने में जंगल अधिक थे। चारों ओर पेड़-पौधों की भरमार थी। अब मोहन जंगल में जाकर पेड़-पौधों का ध्यान करता, पानी देकर सींचता। घर में उसका मन नहीं लगता था। उसकी चिंता में मां परेशान रहतीं।

मोहन के गांव में एक बूढ़ा आदमी भीख मांगने आता था। वह उसे भी बहुत तंग करता। कभी उसका थैला छीनकर उसमें रखी रोटी निकालकर जानवरों को खिला देता, तो कभी बूढ़े पर पानी डाल देता। लेकिन बूढ़ा उसके गांव में जरूर आता। लोग उससे पूछते कि इतना तंग होने के बाद भी वह इस गांव में भीख मांगने क्यों आता है? वह सबको एक ही उत्तर देता, मोहन बच्चा है। बच्चे शरारत नहीं करेंगे, तो क्या हम बड़े लोग करेंगे? उसकी बात सुनकर लोग चुप हो जाते।

इस प्रकार कई महीने बीत गए। एक दिन मोहन किसी गांव से आ रहा था। उसे घर पहुंचने की जल्दी थी। किसी किसान ने अपनी फसल की रक्षा के लिए नागफनी की बाड़ लगा रखी थी। रास्ते में नागफनी के कांटे गिरे हुए थे। उसकी नजर उन कांटों पर पड़ी। उसने सोचा कि वह एक-दो नागफनियों को लेकर रास्ते पर डाल दे, तो बड़ा मजा आएगा। उसने दो नागफनियों को उठा लिया और उन्हें घास के नीचे छिपा दिया। फिर घर चला आया।

दो-तीन दिन बीत गए। आज वह स्वयं उसी रास्ते से जा रहा था। उसी रास्ते से बूढ़ा भिखारी भी आ रहा था। मोहन को शरारत सूझी। उसने कहा, जरा थैला दिखाना। भिखारी ने उसे थैला दे दिया। उसमें एक फटी धोती थी। दो रोटियां भी थीं। वह थैले को लेकर उछालने लगा कि अब वह थैला नहीं देगा।

भिखारी उसके करीब आता, तो वह दौड़कर थोड़ी दूर भाग जाता।

इसी भाग-दौड़ में अचानक सूखी नागफनी पर मोहन का पांव पड़ गया। उसके पूरे तलवे में कांटे चुभ गए। वह अचानक एक ओर लुढ़क गया। थैला उसके हाथ से छूट गया। भिखारी मोहन के पास आया। वहां उसने अपनी लाठी से घास हटाई, तो उसे एक और नागफनी नजर आई। उसने उसे भी डंडे से दूर हटा दिया और मोहन के पास बैठकर पांव से कांटे निकालने लगा।

भिखारी ने मोहन के पांव से काफी कांटे निकाल दिए। फिर भी कुछ कांटे उसके पांव में चुभे ही रह गए। भिखारी ने उसे सहारा देकर खड़ा किया। मोहन ने कहा, मैं घर नहीं जाऊंगा। छाया में बैठकर तलवे के सारे कांटे निकालूंगा, तब घर लौटूंगा।

भिखारी ने कहा, यदि तुम मेरी झोंपड़ी तक चलो, तो मैं तलवे के सारे कांटे निकाल दूंगा। ऐसा लेप लगा दूंगा कि तुम्हारा पांव जल्दी ठीक हो जाएगा। मोहन तैयार हो गया।

भिखारी उसे अपने कंधे का सहारा देकर, झोंपड़ी तक ले आया। फर्श पर एक फटी-पुरानी दरी और कंबल का टुकड़ा बिछा हुआ था। उसी पर उसने मोहन को लिटाया। पानी गरम कर उसका पांव धोया। फिर कांटे निकालकर पैर पर जड़ी-बूटी का लेप कर दिया। मोहन को लेप से बहुत राहत मिली और वह सो गया।

भिखारी ने अपने थैले से भीख में मिले चावल निकाले और खिचड़ी बनाई। फिर गांव जाकर दूध ले आया। उसने मोहन को खिचड़ी खिलाकर पीने के लिए दूध गरम करके दिया। मोहन को अब उस भिखारी को बुड्ढा कहने में शर्म आई। उसने भिखारी को 'दादा' कहकर पुकारा। दादा शब्द सुनकर भिखारी की आंखों से आंसू झरने लगे। मोहन ने चकित होकर पूछा, तुम रो क्यों रहे हो?

नहीं बेटा, कोई बात नहीं है। मैं तीस वर्षों से यहां अकेला पड़ा हूं। तुमने मुझे दादा कहा, तो मेरा दिल भर आया। भिखारी बोला।

नहीं दादा, अब तुम्हें भीख मांगने की जरूरत नहीं होगी। मैं तुम्हें खिलाऊंगा। मोहन बोला।

भिखारी हंसकर चुप हो गया। शाम होने जा रही थी। भिखारी ने उसके पांव का लेप गरम पानी से धो दिया। अब उसके पांव में एक भी कांटा नहीं था। इसके बाद भिखारी उसे गांव तक छोड़ने आया। मोहन दौड़कर घर गया और रोटी तथा सब्जी लेकर आया। कहा, दादा, इसे रात में खाना। मैं कल सुबह आऊंगा।

भिखारी घर लौट आया। वह सोच रहा था कि मोहन कितना अच्छा लड़का है।

मोहन दूसरे दिन उठा और एक किसान से बोला, यदि आपको मजदूर की जरूरत हो, तो मैं काम करने के लिए तैयार हूं। किसान को एक मजदूर की जरूरत तो थी, मगर वह मोहन को एक शरारती बच्चे के रूप में जानता था। वह मोहन से बोला, तुम्हें शरारत से फुरसत मिलेगी, तभी तो काम करोगे।

मुझसे आज काम लेकर देखो चाचा, तब पता चलेगा।


ठीक है, चलो काम करो। किसान बोला।

मोहन ने दिन भर मेहनत से काम किया। बदले हुए मोहन को देखकर किसान बहुत चकित था। उसने मोहन को तीन सेर चावल मजदूरी में दिए।

मोहन चावल लेकर भिखारी की झोंपड़ी में जा पहुंचा। भिखारी खाना बनाने की तैयारी कर रहा था। उसने जब चावल देखे, तो बोला, मोहन बेटा! ये ले जाकर अपनी मां को दो। मेरा गुजारा तो भगवान चला ही रहा है।

नहीं दादा! ये चावल तुम रखो। ये मैंने दिन भर मजदूरी करके कमाए हैं। तुम नहीं रखोगे, तो मैं कल से मजदूरी नहीं करूंगा और शरारतें करने लगूंगा।

उस दिन से मोहन बहुत बदल गया। अब वह हर एक की मदद करने की कोशिश करता। गांव के सब लोग उसकी खूब तारीफ करते।



# आलू मूल्य श्रृंखला परियोजना विकासखंड मुरार, ग्वालियर कार्यक्रम के अंतर्गत नाबार्ड मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक,उप महाप्रबंधक सभी जिला विकास अधिकारीयों द्वारा फील्ड विज़िट




अशोक पाठक/ग्वालियर रिपोर्टर

**ग्वालियर** - भवनपुरा, मुरार ग्वालियर दिनांक-30-01-2024 को नाबार्ड के सहयोग से एक जिला एक उत्पाद (ह्र्ष्ठह्रक्क) के अंतर्गत आलू मूल्य श्रृंखला परियोजना कार्यक्रम विकासखंड मुरार जिला ग्वालियर में अराइज एवम ए-वे फाउंडेशन समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत विकासखंड मुरार के 15 गांव के 1000 किसानो को शामिल किया गया है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के किसानो को आलू के बीज के लिए आत्मनिर्भर बनाना एवं कृषि की नयी तकनिकी की जानकारी देना है। इसी म में परियोजना की प्रगति की जानकारी के लिए बैठक एवं भ्रमण कार्यक्रम भवनपुरा, मुरार, ग्वालियर में आयोजित किया गया, जिसमे नाबार्ड मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक श्री पंकज यादव, उपमहाप्रबंधक श्री नंदू नायक, केंद्रीय आलू अनुसन्धान केंद्र ग्वालियर प्रमुख श्री सुभाष कटारे, वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री मुरलीधर, श्री रितेश पांडे सिद्धि विनायक कंपनी एवं 33 नाबार्ड जिला विकास अधिकारियो एवं संस्था के पदाधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम संस्था सचिव श्री मनोज सिंह राठौर द्वारा उपस्थित सभी अधिकारीयों का गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया गया। साथ ही परियोजना की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि संस्था द्वारा 1000 से अधिक आलू के किसानो को चयनित कर 10 सीड विलेज सुनिश्चित किये है इस परियोजना के इस वर्ष में 550 किसानो को संस्था द्वारा आलू की विभिन्न किस्मो के बीज सीपीआरआई, सिद्धि विनायक कंपनी द्वारा उपलब्ध कराये गए है विगत वर्ष किसानो की संख्या कम थी परन्तु इस वर्ष किसानो ने परियोजना के लाभ को देखते हुए इस परियोजना में ब? च?कर भाग लिया है। इस परियोजना में किसानो को आलू की उन्नत खेती के लिए विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान छ्वक्क्रढ्ढ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों



प्रमुख श्री सुभाष कटारे, वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री मुरलीधर द्वारा आलू की बुबाई से लेकर आलू निकलने के समय तक पौधे के रखरखाव की जानकारी प्रदान की गयी तथा किसानो को सीपीआरआई से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया एवं श्री रितेश पांडे द्वारा आलू के इतिहास और विभिन्न प्रकार की किस्मों के बारे में बताया गया। श्री धर्मेंद्र सिंह डी.डी.एम. नाबार्ड द्वारा आलू मूल्य श्रृंखला परियोजना के बारे में शुरुवात से लेकर अभी तक की पूर्ण जानकारी नाबार्ड मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारीयों को प्रदान की जिसमे उन्होंने बताया कि मुरार विकासखंड में 10 डेमो प्लाट लगाए गए है एवं किसानो को उनकी फसल के उचित मूल्य के साथ साथ बीज प्रबंधन का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बैठक के दौरान किसानो से भी बातचीत कर उनके अनुभव के बारे में अधिकारीयों ने जाना, सभी किसानो ने कहा कि हम इस परियोजना से बहुत अधिक खुश है तथा हम आगे ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता लेंगे। तत्पश्चात डेमो प्लाट का निरिक्षण सभी अधिकारीयों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री सुनील कुमार मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड द्वारा किसानो को परियोजना से जु?ने के लिए और परियोजना से लाभ कमाने के लिए शुभकामनाये दी एवं नाबार्ड की तरफ से पूर्ण सहयोग करने की बात कही गयी। इनके द्वारा संस्था के उपस्थित सभी सदस्यों श्री मनोज सिंह राठौर, श्री प्रमेन्द्र सिंह, श्री रामकुमार शर्मा, श्री सचिन सिंह, प्रशांत सिंह, शांति तिवारी, जीतेन्द्र लिथोरिया, आकाश शर्मा, नरेंद्र परिहार, कृष्ण पाल भदौरिया को परियोजना की सफलता के लिए शुभकामनाये प्रदान की। इस कार्यक्रम के बाद सभी अधिकारीयों द्वारा हाट बाजार ग्वालियर में संस्था की अन्य परियोजनाएं (माई पैड माई राइट एवं ग्वालियर कालीन जीआई टैग) का भी अवलोकन किया गया, इसमें भी सभी अधिकारीयों द्वारा परियोजना की सफलता के लिए संस्था को प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाये दी।

# महापौर डॉ सिकरवार ने निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को दी विदाई





दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर । महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि आज निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारी स्वस्थ्य रहें तथा उनका भविष्य उज्जवल। उन्होंने जिस प्रकार निगम की सेवा पूरे मन से की है उसी प्रकार अब पूरे मन से परिवार को समय देना। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कर्मचारियों के पीएफ की राशि बैंक खाते में पहुँचाई गई। इस अवसर पर सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्री बृजेश श्रीवास्तव ने किया। आज सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में परिषद कार्यालय से श्री नरेन्द्र सिंह, सफाई सरंक्षक श्रीमती माया पत्नी सुभाष, श्री नत्थू पुत्र बच्चू आदि शामिल हैं। विदाई समारोह में निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधी रात को परिवार पर कट्टा तानकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

ग्वालियर, । ग्वालियर से करीब 50 किलोमीटर दूर भंवरपुरा में 15 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। किशोरी अपने घर से टायलेट के लिए बाहर निकली थी, तभी हथियारबंद तीन बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। उसे पीटते हुए घर के अंदर ले गए, घर के अंदर पहुंचकर परिवार वालों को बंधक बना लिया।परिवार वालों की मारपीट की, कट्टा अड़ाकर धमकाते हुए इन्हें बाहर ले आए। इसके बाद एक बदमाश कट्टा अड़ाकर खड़ा रहा और दो बदमाशों ने बारी-बारी से घर के अंदर किशोरी के साथ ज्यादती की। यह सनसनीखेज घटना सोमवार रात की है। इस मामले में भंवरपुरा थाना पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है, लेकिन आरोपितों की पहचान तक अभी नहीं हो पाई है।

**नकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म-** पुलिस बदमाशों की तलाश के लिए पड़ताल में लगी है। खुद एएसपी ने फरियादिया और उसके परिवार वालों से बात कर आरोपितों के हुलिए के बारे में पूछताछ की। दो टीमें



आरोपितों की घेराबंदी के लिए लगाई हैं। मूल रूप से शिवपुरी की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी अपने परिवार वालों के साथ करीब दो माह पहले भंवरपुरा आई है। रात को पूरे परिवार ने खाना खाया, इसके बाद सोने चले गए। सर्दी का समय है, इसलिए रात 8 बजे ही सो गए थे। घर के अंदर वाशरूम नहीं है, इसलिए रात करीब 1 बजे किशोरी जागी। वह टायलेट के लिए घर के बाहर गई। उसने दरवाजा खोला तो घर के बाहर तीन बदमाश खड़े थे। इन बदमाशों ने उसे पकड़ा और मुंह पर हथ रख लिया।

उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो पीटने लगे, फिर उसे घर के अंदर ले गए। यहां परिवार वालों को सोते में ही पीटा और पकड़कर पूरे परिवार को घर के बाहर ले गए। घर के अंदर सिर्फ किशोरी थी। एक बदमाश कट्टा अड़ाकर खड़ा रहा। गोली मारने की धमकी देकर दो बदमाशों ने बारी-बारी से किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

घटना से पूरा परिवार बुरी तरह सहम गया। सुबह तक पूरा परिवार घर में ही छिपा रहा और मां अपनी बेटी को सीने से लगाकर रोती रही। फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की एफआइआर दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

**पीड़िता बोली, मां का नाम लेकर बोल रहा था बदमाश-** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक बदमाश उसकी मां का नाम जानता था। वह आरोपितों को जानती नहीं है, लेकिन वह सामने आएंगे तो पहचान लेगी।

# ग्वालियर-चंबल अंचल पर कांग्रेस की नजर, 4 फरवरी को आएंगे जीतू पटवारी, उम्मीदवारों के नाम पर होगी चर्चा

ग्वालियर। लोकसभा चुनाव की ग्वालियर-अंचल में तैयारियां शुरु हो गई है। भाजपा शुरुआत में ग्रामीण क्षेत्रों में फोकस करने के लिए गांव चलो अभियान शुरु कर रही है। दूसरी तरफ विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश नेतृत्व ने संभाग व जिला स्तर पर दौरे शुरु कर दिये हैं।प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने के बाद जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मध्य प्रदेश के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह के साथ पहली बार चार फरवरी को ग्वालियर आ रहे हैं। दोनों अंचल की तीनों संसदीय क्षेत्रों के कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ लोकसभा स्तरीय समवंय समिति की बैठक भी लेंगे। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर भी चर्चा करेंगे।

इन नेताओं का पहला लक्ष्य विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के बाद कार्यकर्ताओं को गिरे हुए मनोबल को बढ़ाकर लोकसभा चुनाव के



लिए मानसिक रूप से तैयार करना है। प्रदेश प्रभारी के साथ पटवारी व सिंघार चार फरवरी को आएंगे। मध्य प्रदेश के प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह के साथ जीतू पटवारी व उमंग सिंघार चार फरवरी को आएंगे। प्रदेश नेतृत्व सबसे पहले सुबह 10 बजे ग्वालियर लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक लेंगे। दोपहर 11 बजे मुरैना-श्योपुर, 12 बजे गुना-शिवपुरी और दोपहर एक बजे दतिया भिंड संसदीय क्षेत्र की समवंय समिति की बैठक लेंगें। बैठक लोकसभा चुनाव में पार्टी की स्थिति और कार्यकर्ताओं को मनोबल बढ़ाने के लिए क्या किया जाये, इस पर प्रमुख रूप से चर्चा की जाएगी।

**उम्मीदवारों के नामों पर औपचारिक चर्चा होगी-** इसके साथ ही तीनों संसदीय क्षेत्रों से उम्मीदवारों के नामों पर औपचारिक चर्चा की जाएगी। इन बैठकों के बाद तीनों संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद यह नेता उज्जैन के लिए रवाना हो जाएंगे।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस से नेताओं का कार्यक्रम मिल गया है। बैठकों के लिए स्थान तय किया जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव पिछले सप्ताह लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर चुके हैं।

**अब भी कांग्रेस को अंचल से काफी उम्मीद-** 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में दोनों अंचलों की तीनों पर सीटों पर भाजपा ने जीती थी। अप्रत्याशित रूप से गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अप्रत्याशित रूप से चुनाव हार गये थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को आशातीत सफलता ग्वालियर-अंचल में मिली थी और 2023 के विधानसभा चुनाव में ग्वालियर-चंबल अंचल की 24 सीटों में से 19 भाजपा के खाते में गई थी और कांग्रेस को 15 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। कांग्रेस के कई बड़े नेता डॉ गोविंद सिंह, केपी सिंह, लाखन सिंह विधानसभा चुनाव में पराजित हुए थे।

# होटल संचालक को मरणासन्न होने तक पीटने पर पुलिस ने मामूली धाराएं लगाई, तीन दिन बाद मौत



**ग्वालियर,** । बहोड़ापुर इलाके में होटल चलाने वाले राधेश्याम खटीक(51) को गुंडों ने मरणासन्न होने तक पीटा। होटल संचालक का कसूर सिर्फ इतना था, उसने गुंडों को होटल में शराब पिलाने से मना किया। उसे लाठी और सरियों से पीटा गया। वह बेहोश हो गया, इसके बाद परिवार वाले अस्पताल ले गए। तीन दिन तक अस्पताल में जिंदगी और मौत से संघर्ष किया, आखिर उसकी सांसें थम गई। उसे बेरहमी से पीटे जाने के बाद परिवार वालों ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज दिए, तब भी बहोड़ापुर थाने की पुलिस इसे सामान्य घटना मानती रही। मारपीट की सामान्य धाराओं में एफआइआर दर्ज कर फरियादी को चलता कर दिया। तीन दिन बाद जब होटल संचालक की मौत हो गई तो गुस्साए स्वजनों ने बहोड़ापुर इलाके में चक्काजाम कर दिया। करीब ढाई घंटे तक जाम लगाया। मृतक के स्वजनों ने बहोड़ापुर पुलिस पर गुंडों को संरक्षण तक देने के आरोप लगाए, परिवार वालों का कहना था- बहोड़ापुर थाने के टीआइ जितेंद्र तोमर से बार-बार कहा लेकिन सबूत देने के बाद भी न तो गैर जमानती धाराओं में एफआइआर लिखी और न ही आरोपितों को गिरफ्तार किया। परिवार वालों ने गुंडों को राजनीतिक संरक्षण तक का आरोप लगाया, जमकर नारेबाजी की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने किसी तरह परिवार वालों को समझाया और जाम खुलवाया।- मैं अपने भाई राधेश्याम खटीक के साथ राधे होटल के नाम से होटल का संचालन करता हूं। 26 जनवरी की रात करीब 12.15 बजे की बात है। हम होटल बंद कर घर जा रहे थे। हमारे साथ रेशू भी था। अचानक प्रवीण तोमर व उसके करीब पांच साथी आए। इन लोगों ने आते ही होटल खोलने की बात कही। इनके पास शराब की बोतल थी, बोले- अंदर बैठकर खाना खाएंगे और शराब पीएंगे। शराब पिलाने से इंकार कर दिया। इतना सुनने के बाद तो यह लोग हमलावर हो गए। इन लोगों ने लाठी और सरिये से मारपीट करना शुरू कर दी। सरिया भाई राधेश्याम के सिर में लगा। आरोपित भाग गए, हमने पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस काफी देर बाद आई। हम उसे अस्पताल ले गए। अस्पताल में इलाज चल रहा था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में मरणा सन्न होने तक आरोपित पीट रहे थे। फिर भी पुलिस ने सामान्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की। जिन आरोपितों की पहचान नहीं हो सकी थी, उन तक पहुंचने के लिए कोई प्रयास नहीं किए। गिरफ्तारी भी नहीं की। मेरे भाई की मौत हो गई, लेकिन उसके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस को प्रवीण तोमर और उसके साथियों को संरक्षण हैं।बहोड़ापुर थाना पुलिस का दोहरा रवैया सामने आया है। कुछ दिन पहले एक होटल संचालक पर गुंडों ने गोलियां चलाई, लेकिन इस मामले में गोली न लगने पर भी होटल संचालक की शिकायत पर गुंडों पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली गई। एक नाबालिग आरोपित बाल सुधार गृह भेजा गया, यह आरोपित बाल सुधार गृह से भाग भी गया था और इंदौर से उसे पकड़ा गया।जबकि होटल संचालक को गुंडों ने मरणासन्न कर दिया, तब भी पुलिस इसे सामान्य घटना ही मानती रही। इस मामले में पुलिस ने सामान्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की।

# सूदखोरी की शिकायत की तो महिला का सिर फोड़ा, परिवार ने मुख्यमंत्री से लगाई से मदद की गुहार




ग्वालियर। सूदखोर के आतंक से परेशान होकर शहर के एक परिवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से मदद मांगी है, इसके लिए महिला ने पुलिस को शिकायती आवेदन भी दिया है।दरअसल, सूदखोरों ने 30 हजार रुपए उधार लेने वाली महिला से डेढ़ लाख रुपये वसूल लिए। 5 गुना रकम वसूलने के बाद भी सूदखोर ने महिला से और 50 हजार रुपए की मांग की। जब महिला ने रकम देने से इंकार किया तो सूदखोर ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें महिला के सिर पर चोट आई और हाथ भी टूट गया। जब उसका पति बीच-बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी।

**50 हजार रुपये और देने की मांग की-** बता दें कि यह मामला हजीरा थाना क्षेत्र का है। जहां रहने वाले सुषमा राजावत ने पड़ोस में रहने वाले लड्डू गोपाल परिहार से 30 हजार रुपये ब्याज पर उधार लिए थे। एक साल में लड्डू गोपाल ने सुषमा राजावत के परिवार से डेढ़ लाख रुपये ब्याज के नाम पर वसूल लिए। 50 हजार और रुपये देने की मांग कर रहा था। इस सब से तंग आकर जब इसकी शिकायत थाने में की तो लड्डू गोपाल परिहार और उसकी बेटियों ने सुषमा राजावत के साथ जमकर मारपीट की। जिससे सुषमा गंभीर रूप से घायल हो गई ।

# श्वान ने काटा तो जेल जा सकता है मालिक,क्या कहता है कानून



ग्वालियर। आए दिन सुनने में आता है कि श्वान के काटने से कोई गंभीर रूप से घायल हो गया, किसी पालतू श्वान ने रोड चलते किसी व्यक्ति पर अटैक कर दिया अब ऐसे में सबको ये पता है कि श्वान जैसे पालतू जानवरों की रक्षा के लिए कई कानून कायदें है, लेकिन अगर कोई पालतू श्वान किसी को काट लेता है तो उसके खिलाफ भी शिकायत करने का प्रावधान है।इस कानूनी अधिकार को समझाते हुए अधिवक्ता दीप्ति सोलंकी बताती हैं कि श्वान के काटने पर उसके मालिक के खिलाफ मामला दर्ज हो सकता है और अगर चोट गंभीर है तो मालिक को जेल भी जाना पड़ सकता है। आम तौर पर लोग ऐसे मामलों में कानून न जानने की स्थिति में शिकायत दर्ज नहीं करवाते हैं और कई बार आपसी विवाद भी हो जाते हैं ।

**श्वान के काटने पर मालिक जिम्मेदार-** दीप्ति बताती हैं कि अगर कोई पालतू श्वान किसी को काट लेता है तो वह श्वान के मालिक के खिलाफ पुलिस थाने जाकर एफआईआर दर्ज करा सकता है। कानून के मुताबिक, किसी भी पालतू जानवर से किसी को नुकसान पहुंचने पर उसकी मालिक की जवाबदेही होती है। जैसे पालतू श्वान के काटने पर उसके मालिक के खिलाफ एफआइआर हो सकता है। इसमें उसके खिलाफ आइपीसी की धारा 289 के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478